सोमवार, 15 सितम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 5:23 | सूर्यास्त: 17:42 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हृदय से जो दिया जा सकता है वो हाथ से नहीं दिया जा सकता।



जैसमीन और मीनाक्षी विश्व चैंपियन बने

पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# कांग्रेस भारतीय सेना के बजाय आतंकवादियों का समर्थन कर रही है: प्रधानमंत्री मोदी

**मंगलदोई (असम) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। मोदी ने असम में दरांग जिले के मंगलदोई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी और न ही जनसांख्यिकी बदलने की उनकी साजिश को कामयाब होने देगी। मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। कांग्रेस 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने वाले हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करने के बजाय घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचाने में लगी रही।'' मोदी ने कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल हुआ है और इस पावन भूमि पर आकर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार रात उन्हें एक वीडियो दिखाया था, जिसमें कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष यह कहते हुए दिखाई दे रहे थे कि 'भाजपा गायकों और नर्तकों का सम्मान कर रही है'। मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 2019 में भाजपा द्वारा भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिए जाने के बाद की गयी थी। प्रधानमंत्री ने दावा किया, 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान जवाहरलाल नेहरू द्वारा असम के लोगों को दिए गए घाव अब तक भरे नहीं हैं और भूपेन हजारिका का यह अपमान घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। मोदी ने कहा, भूपेन दा के इस अपमान से मुझे बहुत दुख हुआ लेकिन जनता मेरी मालिक है और वही जवाब देगी कि इस महान गायक को भारत रत्न देकर भाजपा ने सही किया या गलत। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को कांग्रेस से भी पूछना चाहिए कि उसके नेताओं ने 'भूपेन हजारिका जैसे दिग्गज का अपमान' क्यों किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसे असम के महान सपूतों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 'डबल इंजन' शब्द का प्रयोग केंद्र के साथ-साथ उन राज्यों के लिए किया जाता है, जहां-जहां भाजपा की सरकार है। मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की ''अतिक्रमण की गई भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की कि किसान अब इन भूखंडों पर खेती कर सकेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि जिन भूमियों पर कभी अवैध कब्जा था, वहां अब किसानों और स्थानीय लोगों के हाथों से कृषि क्रांति आ रही है।



## भारत कच्चे तेल, गैस के आयात को कम करने के लिए कदम उठा रहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कच्चे तेल और गैस के आयात को कम करने के लिए कदम उठा रही है तथा जीवाश्म ईंधन के भंडारों की खोज और हरित ऊर्जा के उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। असम के नुमालीगढ़ में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश कच्चे तेल और गैस के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। उन्होंने कहा, इसे बदलने के लिए, हमें अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सरकार तेल अन्वेषण और हरित ऊर्जा उत्पादन पर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि इथेनॉल ऊर्जा का एक प्रमुख वैकल्पिक स्रोत है और नुमालीगढ़ में नवनिर्मित बायोइथेनॉल संयंत्र से किसानों और आदिवासियों को काफी फायदा मिलेगा।

## पीएम मोदी आज रक्षा सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर रविवार की शाम कोलकाता पहुंचे। वह यहां 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दिन, हवाई अड्डा से प्रधानमंत्री सीधे राजभवन गए, जहां वह रात्रि विश्राम किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी सोमवार से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए शहर में पहुंच चुके हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री, विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। संयुक्त कमांडरों का सम्मेलन सशस्त्र बलों का सर्वोच्च विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तरों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। अधिकारियों ने बताया कि मोदी सोमवार की दोपहर कोलकाता से बिहार के पूर्णिया के लिए रवाना होंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कोलकाता स्थित राजभवन पहुंचे

## पूर्वोत्तर और बंगाल के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी :** देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में रविवार को 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप रविवार शाम 4.41 बजे आया और इसका केंद्र उदालगुड़ी जिले में था। भूकंप पांच किलोमीटर की गहराई में आया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन में असम में थे, जहां उन्होंने 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भूकंप का केंद्र उदा-लगुड़ी के पास था। अभी तक किसी तरह का बड़ा नुकसान या जानमाल की कोई खबर नहीं है। हम स्थिति पर सक्रियता से नज़र रख रहे हैं।'' असम के उदालगुड़ी, सोनितपुर, तामुलपुर, नलबाड़ी और कई अन्य जिलों के निवासियों ने भूकंप के झटके महसूस किए। पूर्वोत्तर राज्य उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आते हैं और इस क्षेत्र में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। पश्चिम बंगाल के , उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी, दुआर, अलीपुरद्वार, कूचबिहार में भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के किसी भी हिस्से में भूकंप के कारण किसी के मारे जाने या किसी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की कोई खबर नहीं है।

## बीमा संशोधन विधेयक शीतकालीन सत्र में हो सकता है पेश

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीमा क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक आगामी संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। विधेयक के जरिए बीमा कंपनियों को पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करने की शर्त पर विदेशी निवेश बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों के हित बढ़ाना, बीमा की पहुंच बढ़ाना और नए कंपनियों के प्रवेश को आसान बनाना है। वर्तमान में भारत में 25 जीवन बीमा और 34 गैर-जीवन बीमा कंपनियां हैं। बीमा क्षेत्र ने अब तक विदेशी निवेश के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम : उच्चतम न्यायालय आज सुनाएगा अंतरिम आदेश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय आज (सोमवार) क्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025** से जुड़ी याचिकाओं पर अपना अंतरिम आदेश सुनाएगी। इसमें मुख्य रूप से यह तय किया जाएगा कि अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित किया जा सकता है या नहीं। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 22 मई को इन मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रखा था। याचिकाकर्ताओं और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें तीन दिन तक सुनी गईं।


# भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया, कुलदीप और अक्षर का शानदार प्रदर्शन

**दुबई :** भारत ने एशिया कप के एकतरफा मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। कुलदीप यादव की घूमती गेंदों और अक्षर पटेल की कसी हुई गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान की टीम टिक नहीं सकी और नौ विकेट पर 127 रन ही बना पाई। पहलगाम आतंकी हमले के कारण इस मैच के बहिष्कार की मांग के बावजूद स्टेडियम में 85 प्रतिशत भारतीय दर्शक मौजूद थे। टॉस के समय और मैच के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। स्पिन विभाग में अक्षर ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट, कुलदीप ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट और वरुण ने 24 रन देकर एक विकेट लिया। जसप्रीत बुमराह ने भी चार ओवर में 28 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने 44 गेंद में 40 और शाहीन अफरीदी ने अंत में 16 गेंद में नाबाद 33 रन बनाकर टीम को 125 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 15.5 ओवर में मैच जीत लिया। अभिषेक शर्मा ने 12 गेंद में 31 रन बनाकर जोरदार शुरुआत दिलाई जबकि सूर्यकुमार यादव ने 37 गेंद में नाबाद 47 और तिलक वर्मा ने 31 रन की उपयोगी पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। गेंदबाजी के दौरान भारत ने 40 डॉट गेंद फेंकी जिससे पाकिस्तानी बल्लेबाज दबाव में रहे। हार्दिक पंड्या और बुमराह की शुरुआती सफलता के बाद स्पिनरों ने मोर्चा संभाल लिया।



## सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके लगातार आगे बढ़ रहा भारत : संघ प्रमुख भागवत

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि 'ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी' के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने की बदौलत भारत सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.80 प्रतिशत रही है। अमेरिका की ओर से भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। भागवत ने मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपा सार' का इंदौर में विमोचन किया। संघ प्रमुख ने इस मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि भारतीय नागरिकों के पूर्वजों ने अनेक पंथ-संप्रदायों के माध्यम से कई रास्ते दिखाकर सबको बताया है कि ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी जीवन में कैसे बहाई जाती है। भागवत ने कहा कि भारत जीवन जीने के इस पारंपरिक दर्शन पर आज भी श्रद्धा रखता है, इसलिए सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। संघ प्रमुख ने कहा,(ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री) विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था कि (ब्रितानी शासन से) स्वतंत्र होने पर तुम (भारत) टिक नहीं सकोगे और बंट जाओगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब खुद इंग्लैंड बंटने की स्थिति में आ रहा है, पर हम नहीं बंटेंगे। हम आगे बढ़ेंगे। हम कभी बंट गए थे, लेकिन वह भी हम मिला लेंगे फिर से।'' भागवत ने कहा कि निजी स्वार्थों के कारण ही दुनिया में अलग-अलग संघर्ष चलते हैं और सारी समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जब 3,000 वर्षों तक दुनिया का सिरमौर था, तब दुनिया में कोई कलह नहीं थी। भागवत ने कहा कि भारत में गौ माता, नदियों और पेड़-पौधों की पूजा के जरिये प्रकृति की आराधना की जाती है और प्रकृति से देश का नाता जीवंत और चैतन्य अनुभूति पर आधारित है।



# धूम्रपान से हर साल 13.5 लाख भारतीयों की मौत

### विशेषज्ञों ने दी निकोटीन के विकल्पों के प्रयोग की सलाह

**नयी दिल्ली :** तंबाकू से हर साल 13.5 लाख भारतीयों की मौत होती है लेकिन व्यापक जागरूकता के बावजूद धूम्रपान छोड़ने की दर बहुत कम है। भारत में तंबाकू से संबंधित बीमारियों पर सालाना 1.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च पर स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों ने धूम्रपान-मुक्त निकोटीन विकल्पों के उपयोग सहित नयी व विज्ञान-समर्थित हानि न्यूनीकरण रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। दिल्ली के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पल्मोनरी मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. पवन गुप्ता ने बताया कि 'क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) या हृदय संबंधी जोखिम वाले रोगियों के लिए सिगरेट से परहेज करना महत्व-पूर्ण है। गुप्ता ने कहा, रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन (ब्रिटेन) की समीक्षा सहित वैज्ञानिक समीक्षाएं दर्शाती हैं कि निकोटीन युक्त गोलियां या फिर तंबाकू को जलाए बिना निकोटीन प्रदान करने वाले विकल्पों में धूम्रपान की तुलना में काफी कम जोखिम होता है। इस प्रमाण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 'पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड' नामक संस्था ने अनुमान लगाया कि धुआं-मुक्त निकोटीन विकल्प धूम्रपान की तुलना में 95 प्रतिशत तक कम हानिकारक हैं। विश्व स्तर पर निकोटीन पाउच सिगरेट के विकल्प के रूप में लोकप्रिय हो रहे हैं। ये उत्पाद अब स्वीडन, नॉर्वे, अमेरिका और डेनमार्क सहित 34 देशों में उपलब्ध हैं। एम्स-सीएपीएफआईएमएस केंद्र के फिजियोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनैना सोनी ने कहा, भारत में धूम्रपान छोड़ने के पारंपरिक तरीकों को अक्सर सीमित सफलता मिलती है। सुरक्षित, तंबाकू-मुक्त निकोटीन विकल्प को अगर सख्ती से नियंत्रित किया जाए तो धूम्रपान करने वालों को सिगरेट छोड़ने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा, न धुआं, न टार, न जलाना, यही सबसे बड़ा अंतर है। विज्ञान कहता है और अब समय आ गया है कि हम सुरक्षित निकोटीन पर विचार करें। सोनी ने बताया कि निकोटीन पाउच जोखिम-मुक्त नहीं हैं लेकिन जब इन्हें धूम्रपान के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो ये विश्व स्वास्थ्य संगठन के एनसीडी वैश्विक लक्ष्य के तहत 2025 तक तंबाकू के उपयोग को 30 प्रतिशत तक कम करने के भारत के घोषित लक्ष्य की ओर बढ़ने में एक सार्थक भूमिका निभा सकते हैं। भारत में तंबाकू के इस्तेमाल की दर बहुत ज्यादा है और हर दस में से एक भारतीय की तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण असमय मौत हो जाती है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, भारत में धूम्रपान छोड़ने की दर कम बनी हुई है और केवल लगभग सात प्रतिशत धूम्रपान करने वाले ही बिना किसी सहायता के सफलतापूर्वक धूम्रपान छोड़ पाते हैं।



## ईडी और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच संतुलन के लिए पीएमएल बनाया गया : उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) बनाया गया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने 12 सितंबर को यह टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त या फ्रीज की गई संपत्ति को अपने पास रखने के लिए न्यायिक प्राधिकारी से अनुमति लेने से पहले, प्राधिकृत अधिकारी को पहले एक औपचारिक आदेश पारित करना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि 180 दिनों तक संपत्ति को अपने पास रखना क्यों आवश्यक है। पीठ ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम के बिना, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी कानूनी रूप से यह निर्धारित नहीं कर सकता कि संपत्ति धनशोधन से जुड़ी है या नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा, ''हमारा मानना है कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की संरचना प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए बनाई गई है। तलाशी, जब्ती, फ्रीजिंग, कुर्की और प्रतिधारण की प्रक्रियाओं में प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य की कार्रवाई न केवल वैध हो, बल्कि आनुपातिक भी हो और स्वतंत्र जांच के अधीन हो।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



## मददगार होगी बिहार की प्रक्रिया से सीख

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन एक मजबूत लोकतंत्र के लिये जरूरी है कि उसकी चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और मतदाता सूची विश्वसनीय हो। पिछले दिनों बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान चलाया गया। जिसको लेकर विपक्ष ने कड़ा प्रतिवाद किया और अदालत में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती भी दी। बताते हैं कि अब भारतीय चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे । उल्लेखनीय है कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची इस महीने के अंत तक प्रकाशित होने वाली है। इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी देशों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निस्संदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में दो राय नहीं हो सकती है कि मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने करने के लिये तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

निस्संदेह, राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है। जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा दिक्कत राजनीतिक दलों के मुखर विरोध की भी है। खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर क्रियान्वयन तो और ज्यादा मुश्किल होगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि सीमावर्ती राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिये राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विदेशी नागरिकों के जरूरी कागजात बनवाने में गुरेज नहीं करते। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त तीनों राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक प्रतिरोध स्वाभाविक ही है। हाल में तमिलनाडु के द्रुमक मंत्री दुरई मुरुगन तल्ख टिप्पणी कर चुके हैं कि बिहार में इस्तेमाल की गई 'चालें' तमिलनाडु में काम नहीं आने वाली हैं, क्योंकि उनके राज्य में लोग राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक हैं। उनके राज्य में लोगों को भ्रमित नहीं किया जा सकता। यह भी हकीकत है कि चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिये सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है। निर्विवाद रूप से समान अवसर का अभाव चुनावी लोकतंत्र की पवित्रता और अखंडता को कमजोर कर सकता है। निस्संदेह, बिहार एसआईआर से मिले सबक चुनाव आयोग को अन्य राज्यों में इसी तरह की प्रक्रिया के लिये रोडमैप तैयार करते समय मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने चुनाव आयोग को आत्मनिरीक्षण और बीच में ही अपनी दिशा बदलने के लिये प्रेरित किया है। यह काफी हद तक एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे याचिकाकर्ताओं के अथक प्रयासों के कारण ही संभव हो पाया है, जिसके सह-संस्थापक जगदीप छोकर का शुक्रवार को निधन हो गया। छोकर स्वच्छ व पारदर्शी चुनावों के प्रबल समर्थक रहे हैं। निस्संदेह, उनका यह अभियान चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के प्रयासों के विरुद्ध एक मजबूत दीवार की तरह काम करता रहेगा।

## कौन है जो बहुत ही सुनियोजित ढंग से भारत के पड़ोसी देशों में मचा रहा है तांडव



डॉ उमेश प्रताप वत्स

विश्व का परिदृश्य बहुत तेज गति से निरंतर बदलता जा रहा है। आधुनिक युग में जहां मशीनीकरण नमस्ते एआई के कारण बेरोजगारी बढ़ती जा रही है वहीं विस्तारवादी नीति व मैं ही श्रेष्ठ की भावना के कारण युक्रेन-रूस, इस्रायल-हमास, हुती, इरान जैसे भयंकर युद्ध हो रहे हैं। जो देश युद्ध से तटस्थ हैं उनकी आर्थिक कमर तोड़ने के लिए उन्हें अस्थिर करने हेतु अरबों डालर पानी की तरह बहे जा रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण है नेपाल हिंसा।

भारत के पड़ोसी देश बंग्लादेश के बाद नेपाल में आगजनी हिंसा का वातावरण न केवल निंदनीय है अपितु विचारणीय भी है। दक्षिण एशिया आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें बांग्लादेश व नेपाल का असंतुलन केवल घरेलू राजनीति का परिणाम नहीं माना जा सकता। इस हिंसा के पीछे कई अंतर्राष्ट्रीय कारक सक्रिय दिखाई देते हैं, जिनमें अमेरिका की भूमिका सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख़ मुजीबुर्रहमान की पुत्री शेख़ हसीना वाजेद बांग्लादेश की राजनीति की सबसे प्रभावशाली और लम्बे समय तक प्रधानमंत्री रहीं। वे तीन दशकों से ज्यादा समय से बांग्लादेश की सत्ता और विपक्ष दोनों में सक्रिय रही। वे अवामी लीग की अध्यक्ष भी है। यद्यपि शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश हाल के वर्षों में एशिया की उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया था। वस्त्र उद्योग, निर्यात और तेजी से बढ़ते विकास दर ने इसे वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया था परन्तु राजनीतिक अस्थिरता, विपक्ष-सरकार टकराव और धार्मिक कट्टरता ने हिंसा और अशांति का वातावरण उत्पन्न किया। खुलेआम चर्चा में रहने के लिए हिन्दुओं को चिह्नित करके मौत के घाट उतारा गया। जिसके पीछे राजनीतिज्ञ, विद्वानों के अनुसार अमेरिका की ही छुपी हुई कूटनीति थी। अमेरिका का उद्देश्य एशिया में चीन व भारत के प्रभाव को रोकना है। बांग्लादेश वर्तमान में चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में अहम कड़ी बन चुका है। अमेरिका नहीं चाहता है कि बांग्लादेश पूरी तरह से चीन या रूस के पाले में जाए। इसलिए वहां अस्थिरता फैलाकर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति अपनाता रहता है। इसी तरह नेपाल में जहां एक ओर माओवादी आंदोलन और गृहयुद्ध ने देश की संरचना को तहस-नहस करके रख दिया वहीं अमेरिका जानता है कि नेपाल भारत और चीन के बीच एक बफर स्टेट है। वह चाहता है कि यह चीन अथवा भारत की पकड़ में पूरी तरह न जाए। चीन ने नेपाल में निवेश और आधारभूत ढाँचे पर बड़ी पकड़ बनाई है। अमेरिका वहां लोकतंत्र और मानवाधिकार के नाम पर दबाव डालकर संतुलन बनाने की कोशिश करता है। हिंसा और आंदोलन में अमेरिका की छाया अप्रत्यक्ष रूप से दिखाई देती है। जब भी नेपाली सरकार चीन या भारत के और करीब जाती है, तभी अचानक विरोध-प्रदर्शन और हिंसा बढ़ जाती है। नेपाल राजशाही से गणतंत्र बना, लेकिन राजनीतिक दलों के बीच खींचतान लगातार जारी रही। कई बार तो लगता है कि यदि भूटान की तरह नेपाल में राजतन्त्र ही रहता तो स्थिति अधिक बेहतर रहती। गणतंत्र लागू होते ही चीन समर्थक माओवादी नेपाल में हावी हो गए थे। जो सदैव भारत विरोधी रूख अपनाते रहे हैं ।

नेपाल, हिमालय की गोद में बसा छोटा सा देश, हमेशा से दक्षिण एशिया की राजनीति में रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा है। भारत और चीन के बीच स्थित यह राष्ट्र किसी भी महाशक्ति के लिए प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा बनने की बड़ी संभावना रखता है। हाल के वर्षों में नेपाल में बार-बार उठने वाली हिंसा, राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक तनावों में कई विशेषज्ञ अमेरिका की भूमिका को षडयंत्र के रूप में देखते हैं। अमेरिका के हस्तक्षेप से नेपाल भारत से दूरी बना सकता है, जो भारत की रणनीति और व्यापार दोनों के लिए हानिकारक है। नेपाल में स्थिरता भारत की कूटनीति के लिए आवश्यक है, वरना चीन और अमेरिका दोनों इस क्षेत्र को अपने हितों के लिए इस्तेमाल करेंगे।

अतः यह स्पष्ट है कि नेपाल की हिंसा केवल घरेलू राजनीतिक खींचतान का नतीजा नहीं है। इसके पीछे महाशक्तियों का खेल भी साफ दिखाई देता है। भारत के लिए यह चुनौती है कि वह नेपाल के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्तों को सुदृढ़ बनाए रखे, ताकि किसी बाहरी षडयंत्र का असर सीमित हो सके।

नेपाल हिंसा से यह भी उजागर होता है कि अत्यधिक विकास के दुष्परिणाम भी धीरे-धीरे सामने आते ही हैं। अमेरिका व




चीन जैसे देश हथियार आदि अन्य तैयार माल बेचने के लिए भारत जैसा बड़े बाजार पर एकाधिकार चाहते हैं,ऐसा न होने पर ये दबाव बनाने के अनेक हथकंडे अपनाते हैं।इन्हीं विदेशी ताकतों ने भारत को अस्थिर करने के लिए पहले कश्मीर में अलगाववादियों को पानी की तरह फंडिंग की, जिसकी हमने नोटबंदी से कमर तोड़ डाली। फिर मोदी राफेल चोर मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष माफी याचना करनी पड़ी। फिर सीए के मुद्दे को, किसान आंदोलन, संविधान खतरे में है, अब वोट चोर के मुद्दे को हवा, पानी, खाद देने के लिएअरबों के फंड पानी की तरह बहा दिये। किंतु दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सारे हाइड्रोजन बम फुस्स कर दिये।वर्तमान में पूरे विश्व में असुरक्षा की भावना पनप रही है। जहां विकसित राष्ट्र छोटे देश को निगल जाना चाहते हैं, वहीं विकासशील राष्ट्रों की विकास गति रोकने के लिए हर संभव प्रयास करते जा रहे हैं। जिसका शिकार भारत जैसे देश भी हो रहे हैं। भारत की भौगोलिक स्थिति एशिया में हिन्दू महासागर के उत्तर में एक केंद्रीय स्थान पर है। यही कारण है कि इसके पड़ोसी देशों की राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा परिस्थितियों का भारत पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। आज जब भारत प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में विकसित देश विशेष रूप से अमेरिका व चीन कभी भी भारत के तीव्र गति से बढ़ते विकास को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। ये विश्व के शक्तिशाली देश सुनियोजित ढंग से भारत के चारों ओर अस्थिरता फैलाने का काम कर रहे हैं।

**चीन विस्तारवादी की नीति पर चलता है**

पाकिस्तान से लेकर श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और मालदीव तक चीन ने आर्थिक निवेश और कर्ज के जाल में इन देशों को उलझाया हुआ है। जिसके बदले वह इन देशों से भारत के विरुद्ध नीतियों में इनका समर्थन चाहता है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के नाम पर बंदरगाह, सड़क और रेल परियोजनाओं के जरिए चीन रणनीतिक घेरा बना रहा है। श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह, पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट और म्यांमार में कयाक्प्यु पोर्ट इसका उदाहरण हैं। सौभाग्य से भारत इन सभी षडयंत्रों को भलि भाँति समझ रहा है और निरंतर निष्फल करने का सफल प्रयास भी कर रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से भारत के लिए अस्थिरता का केंद्र रहा है। इस आतंकी देश में आतंकवाद और सीमा पार घुसपैठ उसकी स्थायी नीति बन चुकी है।

चीन के साथ गठबंधन करके पाकिस्तान न केवल खुद भारत को परेशान करता है, बल्कि पड़ोसी देशों में भी असुरक्षा का वातावरण बनाता है। नेपाल में भी पाकिस्तान गुप्तचर एंजेसी आइएसआइ के माध्यम से भारत को अस्थिर करने की भरसक कौशिश करता रहता है। अमेरिका व चीन के सहयोग से वह भारत को कमजोर करने का सपना पाले हुए बैठा है।

छोटे पड़ोसी देशों पर चीन व अमेरिका का कूटनीतिक राजनीतिक दबाव भारत से दूरी बनाने के लिए जारी है। नेपाल व चीन की सीमा क्षेत्र विवाद और सीमाई तनाव इसके उदाहरण हैं।

**आर्थिक संकट का लाभ उठाकर चीन ने श्रीलंका में भी अपनी पकड़ मजबूत की है**

मालद्वीप में सत्ता परिवर्तन के दौर में भारत विरोधी विचारधारा स्पष्ट दिखाई देती रही है। कुछ हद तक अमेरिका और पश्चिमी देशों की नीतियां भी दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन को प्रभावित करती हैं। वे कभी भारत का समर्थन करते हैं तो कभी पाकिस्तान या अन्य देशों को मदद देकर दबाव की राजनीति खेलते हैं किन्तु 2014 के बाद राष्ट्रवादी ताकत का सत्तासीन होना एवं ग्यारह वर्षों में भारत के हर क्षेत्र में अद्भुत विकास गति से एवं विशेषरूप से सैन्य शक्ति, सैन्य संसाधनों में आत्मनिर्भरता तथा रोड़ कनेक्टिविटी, कृषि, विज्ञान, सौर ऊर्जा पर नित नए-नए शोध, नए-नए कार्य अमेरिका सहित यूरोप के पूरे पश्चिम देश को हैरत में डाल रहे हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस सहित यूरोपीय देशों ने तो भारत के वैभव को स्वीकार कर लिया है परन्तु अमेरिका व चीन को भारत का यह वैभवशाली विकास गले नहीं उतर रहा है तभी भारत को अस्थिर करने के लिए प्रतिदिन तरह-तरह के षडयंत्र किए जा रहे हैं। स्पष्ट है कि भारत के पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने और तांडव मचाने में सबसे बड़ा हाथ अमेरिका व चीन का है, जो अपने सामरिक और आर्थिक हितों के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। ऐसे में भारत को चाहिए कि वह न केवल अपनी सीमाओं को मजबूत बनाए, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और कूटनीतिक रिश्ते और सशक्त करे। साथ ही समय-समय पर अपनी शक्ति का अनुभव भी कराता रहे। ताकि कोई देश किसी के उकसावे में भ्रम में न रहे। यही भारत की वास्तविक सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थिरता का रास्ता है। हमारी सरकार, विदेश मंत्रालय व नभ-जल-थल सेना का अनुकरणीय सामंजस्य विदेशी शक्तियों की सारी योजनाओं को धता बताकर उन्हें औकात में रहने पर विवश कर रहा है, चाहे वह बाह्य शक्तियां हो या विदेशियों के फंड पर अपने ही देश को अस्थिर करने वाली आंतरिक शक्तियां हो। वे सब लाचार व दयनीय स्थिति में दिखाई देती है। इनके एक के बाद एक नैरेटिव थोड़ा-बहुत उछल-कूद करके धाराशायी होते जा रहे हैं किंतु इन्हें और अधिक सबक सिखाने के लिए देश की जनता को एक होकर आगे आना पड़ेगा।

-स्तंभकार

## भारत की डिजिटल क्रांतिः परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना



राव इंद्रजीत सिंह

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतः क्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहाँ तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं।

इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुँचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरु कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुँचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका-मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है-जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं: एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएँ जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं।

लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है-करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है-यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

-लेखक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 सितम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष नवमी, 25:33 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 07:30 तक, योग : व्यतिपाता, 26:29 तक, सूर्योदय: 5:23, सूर्यास्त: 17:42, चन्द्रोदय : 23:52, चन्द्रास्त: 13:08, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 06:58 से 08:29

## राशिफल

**मेष :** नौकरी और व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। बिजनेस में कोई खास डील फाइनल हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** व्यवसाय के क्षेत्र में आप नई योजनाएं बना सकते हैं और कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। स्थान परिवर्तन की योजना भी सफल रहेगी।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में आप रचनात्मक कार्यों में ज्यादा रुचि दिखा सकते हैं और इन्हीं से जुड़े कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। किसी उच्च अधिकारी के सहयोग से लाभ होगा।

**कर्क :** दिन अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप जो भी काम पूरी मेहनत और लगने के साथ करेंगे उसमें सफलता जरूर प्राप्त होगी। अधूरे काम समय पर पूरे होंगे।

**सिंह :** कामकाज के सिलसिले में आप पूरा समय व्यस्त रह सकते हैं। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपके वरिष्ठ अधिकारी या विरोधी जरूरी कामों में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी बात सोच-समझकर बोलनी होगी, अन्यथा आपकी बातों का गलत अर्थ निकाला जा सकता है। आसपास के लोगों से बहस या विवाद में पड़ने से बचें।

**तुला :** आर्थिक मामलों में दिन लाभकारक सिद्ध होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। अगर कार्यक्षेत्र में कोई विवाद या समस्या चल रही थी तो अब वह दूर हो जाएगी।

**वृश्चिक :** दिन बेहतरीन रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में आपको दिनभर लाभ कमाने के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। लेकिन इसके लिए प्रयास करते रहना जरूरी होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में आपको कुछ मामलों में सावधान और सतर्क रहना जरूरी होगा, अन्यथा किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में नए काम को शुरू कर सकते हैं।

**मकर :** कामकाज के मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। वहीं, व्यापार में साझेदारी में किए गए किसी कार्य से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने जरूरी होंगे।

**कुम्भ :** मौसम परिवर्तन का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। ऐसे में कामकाज में आपका थोड़ा कम मन लग सकता है और सुस्ती महसूस होगी। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

**मीन :** आपके लिए यह दिन लाभकारक सिद्ध हो सकता है। व्यापार में थोड़ा सा जोखिम उठाने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुखद रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3208

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | | | |
| 10 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | 13 | | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 22 | 23 | ■ | ■ | 24 | |
| 25 | | | 26 | ■ | 27 | | 28 | | ■ |
| | ■ | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) उद्देश्य; ध्येय, 2) प्रेमपूर्वक मिलनेजुलनेवाला, 3) देश का अधिकृत निवासी, 4) मृत्यु, 5) घृणा, 6) समान करना, 8) मातृभ्राता, 12) स्वाद, 13) आँधी, 14) मिश्रण, 15) कविता, 17) गुणग्राहक, 20) कायर, 23) शिक्षापाठ, 25) प्रार्थनापत्र, 26) दुर्व्यसन, 28) अभिप्राय. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 2) जुड़ना, 4) ख़ामोशी, 7) चमत्कार, 9) भ्रम, 10) सदृश, 11) निन्द्य कर्म, 14) एक रोग, 16) स्वच्छ, 17) बहुत छोटा टुकड़ा, 18) खोखला, 19) उसी क्षण, 21) जो रुपए-पैसे के रूप में चुकाया जाए, 22) रशिया, 24) बेकार, 25) तीर तुक्का; अस्पष्ट ज्ञान से अज्ञात की कल्पना, 27) दालान, 29) उत्साह, 30) एकाकी.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हि | ■ | ह | ज़ा | र | ■ | ह | म | रा | ह |
| क | ■ | म | ■ | स | म्मे | ल | न | ■ | र |
| म | सा | ला | ■ | भ | ■ | को | ■ | ह | द |
| ती | र | ■ | अ | री | ■ | रा | म | रा | म |
| ■ | मे | ■ | प | ■ | अं | ■ | क | मी | ■ |
| म | य | ख़ा | ना | ■ | ग | ल | त | ■ | सं |
| ह | ■ | ल | प | क | ना | ■ | बा | न | गी |
| क | द | ■ | न | मी | ■ | दो | ■ | वा | त |
| मा | म | ला | ■ | ना | मु | ना | सि | ब | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 4 | 6 | | | |
| | | | | 7 | | | | 1 |
| | | 3 | | | | | 9 | |
| | 8 | 2 | | | | | | |
| | | | 5 | | | | 7 | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 6 | 9 | | | | | 5 |
| | 7 | | | | | | | 8 |
| 5 | 9 | | | | | 3 | 1 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3164 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 |

# एसएससी की दूसरी चरण की परीक्षा निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न : शिक्षा मंत्री



❑ परीक्षा की मॉडल उत्तरपुस्तिका 20 सितंबर तक आयोग की वेबसाइट पर होगी अपलोड

❑ नवंबर से इंटरव्यू शुरू और 31 दिसंबर तक नियुक्ति प्रक्रिया होगी पूरी

❑ परीक्षा में 2.46 लाख से अधिक शामिल हुए अभ्यर्थी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की दूसरी चरण की परीक्षा रविवार को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरी हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस बार आयोग ने कई नई पद्धतियां अपनाई हैं। परीक्षा की मॉडल उत्त-रपुस्तिका 20 सितंबर तक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी, जिसे दो वर्षों तक सुरक्षित रखा जाएगा। परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की आपत्ति दर्ज करने के लिए पांच दिन का समय मिलेगा। इसके बाद, निर्धारित समय पर परिणाम प्रकाशित होंगे और यह घोषित किया जाएगा कि कौन इंटरव्यू के लिए योग्य हैं। आयोग के चेयरमैन ने बताया कि नवंबर से इंटरव्यू शुरू होगा और 31 दिसंबर तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। ब्रात्य बसु ने जानकारी दी कि 7 सितंबर को हुई परीक्षा में 31,362 परीक्षार्थी अन्य राज्यों से शामिल हुए थे, जबकि 14 सितंबर की परीक्षा में 13,517 परीक्षार्थी उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों से आए। कुल मिलाकर रविवार की परीक्षा में 2.46 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए, जो कि कुल आवेदनकर्ताओं का 93% है। मंत्री ने कहा कि पूरी परीक्षा निष्पक्ष तरीके से हुई और इस बार उत्तरपुस्तिकाओं के स्कैन किए गए इमेज 10 साल तक सुरक्षित रखे जाएंगे।

## डबल इंजन वाले राज्यों में नौकरियां नहीं : ब्रात्य बसु

### शिक्षा मंत्री ने दूसरे राज्यों के परीक्षार्थियों की उपस्थिति पर भाजपा शासित राज्यों पर बोला हमला



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने रविवार को राज्य के 478 केंद्रों पर कक्षा 11 और 12 के लिए सहायक शिक्षक पदों के लिए राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में राज्य के बाहर से भी हजारों उम्मीदवारों ने हिस्सा ले लिया था। इसको लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री ने यूपी-बिहार की सरकारों पर सवाल खड़े कर दिए। ममता सरकार में शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि दूसरे राज्यों में नौकरी या रोज़गार नहीं है, इसलिए वे यहां आ रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि डबल इंजन वाली सरकारों वाले राज्यों में कोई नौकरी नहीं है। बंगाल ने हमेशा सभी को स्वीकार किया है, और हमने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। मंत्री ने आरोप लगाए और कहा कि पता नहीं बीजेपी शासित राज्यों में बंगालियों पर हमले क्यों हो रहे हैं। लेकिन हम उन लोगों के साथ भी ऐसा ही क्यों करें जो वहां से यहां आ रहे हैं? बता दें कि बंगाल से बाहर के आवेदकों में एक बड़ी संख्या यूपी बिहार के लोगों की है और शिक्षा मंत्री इन दोनों ही राज्यों की सरकारों समेत केंद्र सरकार पर हमलावर थे।

**❑ 12 हजार से अधिक बाहरी उम्मीदवार पहुंचे**

11वीं-12वीं कक्षा के लिए आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अन्य राज्यों से आए उम्मीदवारों की भीड़ देखने को मिली। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पश्चिम बंगाल में परीक्षा देने पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बार 12 हजार से अधिक परीक्षार्थी बाहर के राज्यों परीक्षा देने आए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है। खासतौर पर, हिंदी माध्यम के 370 रिक्त पदों के लिए ही 12 हजार से अधिक बाहरी उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।

# हाईकोर्ट के आदेश से समाधान, एसएससी कार्यालय में तीन परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की दूसरी चरण की परीक्षा रविवार दोपहर 12 बजे से 478 केंद्रों पर शुरू हुई। लेकिन इस बीच तीन परीक्षार्थियों को एक अनोखी स्थिति का सामना करना पड़ा। आवेदन पत्र में विषय चयन की गलती के कारण वे निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नहीं बैठ पाए और उन्हें कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश पर एसएससी कार्यालय, आचार्य सदन में परीक्षा देने का अवसर मिला।

**❑ क्या है मामला?**

मालदा की दर्शन विषय की परीक्षार्थी हबीबा खातून, हल्दिबाड़ी की अंग्रेजी विषय की परीक्षार्थी अर्पिता पहाड़ी, बाँकुड़ा के एग्रोनॉमी विषय के परीक्षार्थी उत्तम घोष ने आवेदन पत्र भरते समय गलत विषय का चयन कर दिया था। आवेदन की समयसीमा समाप्त हो जाने के कारण उन्हें संशोधन का अवसर नहीं मिल पाया। कई बार एसएससी को जानकारी देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**❑ हाईकोर्ट का हस्तक्षेप**

आख़िरकार, इन तीनों परीक्षार्थियों ने हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। उन्होंने न्यायालय से निवेदन किया कि उन्हें उनकी पसंद के विषय में परीक्षा देने का मौका दिया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने आदेश दिया कि तीनों परीक्षार्थियों को एसएससी कार्यालय आचार्य सदन में अपने चुने हुए विषय की परीक्षा देने दी जाए।

**❑ नया एडमिट कार्ड और परीक्षा का अवसर**

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुक्रवार को उन्हें नए एडमिट कार्ड जारी किए गए। रविवार को तीनों परीक्षार्थियों ने एसएससी कार्यालय में अपने चुने हुए विषय की परीक्षा दी।

**❑ परीक्षार्थियों की खुशी**

हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से परीक्षा का अवसर पाकर तीनों परीक्षार्थी बेहद खुश दिखे। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेश से उनकी मेहनत और भविष्य दोनों सुरक्षित हो पाए हैं।



बारिश के बावजूद पूजा की खरीदारी के लिए धर्मतला के बाजारों में उमड़ी भारी भीड़

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुवार को कोलकाता आएंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूजा से पूर्व कोलकाता दौरे पर आएंगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, वह 18 सितंबर को शहर में पहुंचेंगी। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य जीएसटी से संबंधित केंद्र सरकार के नए फैसलों और उसके लाभों को आम लोगों तक पहुंचाना है। बता दें कि हाल ही में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसी के तहत, निर्मला सीतारमण हर राज्य का दौरा करेंगी और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र का संदेश देंगी। उनके दौरे में पश्चिम बंगाल सबसे आगे है।

### ईडी ने अवैध सट्टेबाजी ऐप मामले में अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती को जारी किया समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती को 15 सितंबर को नयी दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि उन्हें (मिमी चक्रवर्ती) ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़ी जांच के सिलसिले में हमारे अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया है। बता दें कि ईडी ने पिछले महीने इसी मामले में बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा को भी समन जारी किया था।

### बिष्णुपुर में सड़क दुर्घटना में सिविक वॉलंटियर की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बिष्णुपुर थाना अंतर्गत भाषा बीडीओ कार्यालय और पाथेर साथी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 117 पर सड़क दुर्घटना में एक सिविक वॉलंटियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौमजीत चक्रवर्ती (32) के रूप में की गई है। वह टेंगरा के जेले पाड़ा का निवासी था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सिविक वॉलंटियर अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद एक ब्लड बैंक में पार्ट-टाइम काम करता था। बताया गया है कि गत शनिवार को वह बिष्णुपुर थाना अंतर्गत बघिर हाट पोल के अंदर कॉडलाइफ ब्लड कलेक्शन की रिपोर्ट लेकर स्कूटी से घर लौट रहा था। पता चला है कि उसने घर के लोगों से रात 1:30 बजे बात की थी। हालांकि, परिवार का दावा है कि उसके बाद से उसका फोन बंद था। इसके बाद, उन्होंने तिलजला थाने में मामले की सूचना दी। तिलजला थाने से खबर बिष्णुपुर थाने पहुंची। तभी, थाने से परिवार को सूचना मिली कि दुर्घटना में घायल हुए सौमजीत को आमतला ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री ममता ने लोगों को हिंदी दिवस की दी बधाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों को रविवार को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी सरकार सभी भाषाओं का सम्मान करती है। मुख्यमंत्री ने राज्य में हिंदी भाषी लोगों के कल्याण के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों का भी ज़िक्र किया। इस दिन, ममता ने 'एक्स' पर लिखा कि आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर मैं अपने सभी हिंदी भाषी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं। हर साल हम हिंदी दिवस श्रद्धा के साथ मनाते हैं। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस संदर्भ में, मैं यह बताना चाहूंगी कि 2011 से हमने राज्य में हिंदी भाषी लोगों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। जिन क्षेत्रों में 10 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी बोलती है, वहां हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में उपयोग करने का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने हिंदी अकादमी की स्थापना, हावड़ा में हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना, बनरहाट और नक्सलबाड़ी में हिंदी माध्यम के कॉलेज और कई कॉलेजों में हिंदी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने जैसी पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि रवींद्र मुक्त विद्यालय में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के प्रश्नपत्र और माध्यमिक परीक्षाएं अब हिंदी में उपलब्ध हैं। बनर्जी ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के हिंदी भाषी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार किया गया है।

# ढोलाहाट में भाजपा कार्यकर्ता की दुकान से सरकारी संपत्ति बरामद, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के ढोलाहाट थाना अंतर्गत दिगंबरपुर इलाके में रविवार को भाजपा कार्यकर्ता की दुकान से सरकारी संपत्ति बरामद होने के आरोप में एक भाजपा कार्यकर्ता समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता का नाम बासुदेव मंडल है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार भाजपा कार्यकर्ता की लोहे और लाह की एक जर्जर दुकान है। इस दिन, दोपहर में गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय दिगंबरपुर इलाके के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता बासुदेव मंडल की दुकान पर छापा मारा। वहां से बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्मर, बिजली के तार, अर्थिंग रॉड और पानी की आपूर्ति पाइप के वाल्व समेत कई कीमती उपकरण बरामद किए गए। बरामद सामान



सरकारी संपत्ति बताया जा रहा है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता बासुदेव मंडल और उसकी दुकान में सामान बेचने आए दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जब्त सामान को बरामद कर थाने ले गई। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की दुकान में सरकारी उपकरण कैसे पहुंचे? दुकान मालिक बासुदेव मंडल का आरोप है कि इलाके में बिजली विभाग के प्रभारी स्वदेश बारिक ने दो फेरीवालों को बिजली के उपकरण बेचे थे। उन्होंने बिना सोचे-समझे उन फेरीवालों से ये सामान खरीद लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों से पूछताछ की जा रही है।


# तपसिया में पूजा के चंदे को लेकर हुए अत्याचार के मामले में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तपसिया थाना अंतर्गत गोबरा में पूजा के चंदे को लेकर हुए अत्याचार के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम दीपक दे उर्फ चाइना बाबू और रॉबिन गोंसाल्वेस है। पीड़ित परिवार द्वारा उपलब्ध कराए गए एक वीडियो में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पीटते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, तपसिया के गोबरा में दुर्गा पूजा के चंदे को लेकर काफी तनाव फाल था। सत्तारूढ़ दल की गुटबाजी सामने आई। तृणमूल पार्टी के एक अन्य गुट पर एक तृणमूल कार्यकर्ता की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा। आखिरकार, मुख्यमंत्री और पार्टी नेता ममता बनर्जी ने पूरी घटना में हस्तक्षेप किया। घायल तृणमूल



कार्यकर्ता का नाम अमित सरकार है, जो पेशे से व्यवसायी है। आरोप है कि पूजा के चंदे के लिए 10 हजार रुपये मांगे गए थे। पैसा देने से इनकार करने पर हंगामा शुरू हो गया। पूजा का चंदा देने में देरी के बहाने उसे लोहे की रॉड और बांस के डंडों से पीटा गया। आर-ोप है कि अमित सरकार के परिवार के सदस्यों पर भी हमला किया गया। इस घटना की तपसिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू की। अंत में, दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# खंडहरों से उत्सव तक: ठाकुरपुकुर एसबी पार्क में मोगलमारी की प्राचीन विरासत का उत्सव





❑ **थीम का नाम** : प्रत्नकथा (मोगलमारी बौद्ध विहार पर आधारित)

❑ **आयोजक** : ठाकुरपुकुर स्टेट बैंक पार्क सर्वजनीन दुर्गा पूजा समिति

❑ **कला-संरचना एवं संकल्पना** : राजू सरकार

❑ **आवरण/माहौल निर्माण** : सुजयनील

❑ **प्रकाश सज्जा** : देबब्रत मैति

❑ **सचिव** : अजय मजूमदार

❑ **अध्यक्ष** : दीपक रंजन मित्रा

❑ **शोध सहयोग** : अतनु प्रधान; नृसिंहप्रसाद भादुरी (सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर) ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि उपलब्ध कराई

❑ **लक्ष्य** : दर्शकों को मोगमारी की प्राचीन बौद्ध धरोहर का जीवंत अनुभव कराना और उस स्थल को पर्यटन के रूप में भी लोकप्रिय बनाना

**आलोक प्रसाद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** ठाकुरपुकुर स्टेट बैंक पार्क सार्वजनीन दुर्गा पूजा समिति ने 2025 के शारदोत्सव के लिए एक अनूठी थीम चुनी है, जो पश्चिम मिदनापुर के दांतन क्षेत्र में स्थित प्राचीन मोगलमारी बौद्ध विहार की पुनर्रचना पर आधारित है। कलाकार राजू सरकार द्वारा परिकल्पित यह थीम पूजा पंडाल को एक जीवंत पुराता-त्विक मंच में बदल देगी, जो बंगाल के गुप्तोत्तर युग के इतिहास को प्रदर्शित करेगी। यह थीम बंगाल का कोई इतिहास नहीं के मिथक को चुनौती देती है, जिसमें सिक्के, नक्काशीदार ईंटें और टूटी हुई देवी-देवता मूर्तियों जैसे अवशेषों को शामिल किया गया है, जो मोगलमारी की खुदाई में मिले हैं।

**❑ थीम का ऐतिहासिक महत्व**

मोगलमारी, एक उपेक्षित पुरातात्विक स्थल, बंगाल के बौद्ध इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो गुप्तोत्तर युग की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को दर्शाता है। पूजा पंडाल में इस विहार की पुनर्रचना के माध्यम से, समिति का उद्देश्य दर्शकों को इस प्राचीन स्थल की भव्यता और रहस्यों से परिचित कराना है। थीम में मिथकों, लोककथाओं और पुरातात्विक साक्ष्यों का मिश्रण होगा, जो हजारों वर्षों से संरक्षित इस स्थल की कहानी को जीवंत करेगा, और इसे उत्सव के उत्साह के साथ जोड़ेगा।

**❑ थीम की रचनात्मक प्रस्तुति**

थीम को जीवंत करने के लिए, सुजॉयनिल द्वारा संगीत तैयार किया गया है, जो प्राचीन माहौल को बढ़ाएगा, जबकि देबब्रत मैती की प्रकाश व्यवस्था मोगलमारी के खंडहरों की रहस्यमयी सुंदरता को उजागर करेगी। नृसिंहप्रसाद भादुरी और अतनु प्रधान जैसे विशेषज्ञों द्वारा एकत्रित ऐतिहासिक डेटा सुनिश्चित करता है कि पंडाल का डिज़ाइन और मूर्तियाँ मोगलमारी की पुरातात्विक सटीकता को प्रतिबिंबित करें। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक गौतम घोष द्वारा आंशिक दृश्य दस्तावेजीकरण इस थीम को एक सिनेमाई गहराई प्रदान करता है, जो इसे और आकर्षक बनाता है।

**❑ थीम का उद्देश्य और प्रेरणा**

मोगलमारी थीम को चुनने का उद्देश्य बंगाल के प्राचीन इतिहास की उपेक्षा के खिलाफ एक सशक्त संदेश देना है। समिति का लक्ष्य है कि इस थीम के माध्यम से दर्शक न केवल पूजा का आनंद लें, बल्कि बंगाल की बौद्ध विरासत के एक भूले-बिसरे अध्याय से भी परिचित हों। यह थीम दर्शकों को मोगलमारी के वास्तविक स्थल की यात्रा के लिए प्रेरित करने का प्रयास करती है, ताकि यह उपेक्षित स्थल एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र बन सके।

**❑ दर्शकों के लिए निमंत्रण**

ठाकुरपुकुर पूजा समिति सभी भक्तों और इतिहास प्रेमियों को आमंत्रित करती है कि वे इस दुर्गा पूजा में पंडाल में आएं और मोगलमारी बौद्ध विहार की पुनर्रचित झलक का अनुभव करें। यह थीम न केवल उत्सव का हिस्सा है, बल्कि बंगाल के प्राचीन इतिहास को पुनर्जनन और संरक्षण का एक प्रयास भी है, जो आगंतुकों को इतिहास के गौरवशाली अतीत से जोड़ने और इसे भविष्य के लिए जीवित रखने की प्रेरणा देता है।

### जयनगर में महिला का हाथ-पांव बंधा शव मिलने से फैली सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में रविवार की सुबह हाथ-पांव बंधी हालत में एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतका का नाम नूरजहां बीबी है, जो दक्षिण बारासात इलाके की रहने वाली थीं। करीब पांच महीने पहले उनके घर में एक दंपति किराए पर रहने आया था। आरोप है कि उन्होंने बिना किसी पहचान पत्र दिए ही घर किराए पर ले लिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर उस दंपति के बीच झगड़ा होता रहता था। इस दिन, सुबह में जब किरायेदार के घर से कोई आवाज नहीं आई तो नूरजहां वहां देखने गईं। तभी, उन्होंने देखा कि महिला का शव कमरे में पड़ा है और उसके हाथ-पांव बंधे हुए हैं। वहीं उसका पति मौके से लापता है। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही, मृत महिला के पति की भूमिका भी जांच के दायरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से बिना पहचान पत्र के लोगों को घर किराए पर दिया जा रहा है। कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब लोगों की मांग है कि बिना पहचान पत्र के किसी को भी किराए पर घर न दिया जाए।

# जेयू की छात्रा की मौत पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**❑ पुलिस आयुक्त से निष्पक्ष जांच की मांग, तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा**

**कोलकाता, समाज्ञा**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) की छात्रा अनामिका मंडल की मौत के मामले में कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा को एक पत्र लिखकर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्हें विश्वविद्यालय में सुरक्षा स्थिति पर गौर करने को कहा गया है। इस संबंध में, कोलकाता पुलिस को अगले तीन दिनों के भीतर आयोग को एक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। महिला आयोग ने मामले में प्राप्त जानकारी के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित तालाब में गुरुवार की रात अनामिका मंडल की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम की प्राथमिक रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के दोस्तों ने पूछताछ में बताया है कि गुरुवार की रात विवि परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। उस समय पांच लोग, जिनमें अनामिका भी शामिल थी, तालाब के किनारे बैठकर मद्यपान कर रहे थे। शराब के नशे में अनामिका तालाब में उतर गई थी और डूब गई थी। उन लोगों ने काफी तलाश के बाद उसे तालाब से निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Guddi Mother of Army No. 15757379M, Rank- HAV, Name- Gourav Chaudhary residing at Kailash Nagar Palwal, Tehsil and Dist.- Palwal, Haryana- 121102. that my name and DOB had been recorded incorrectly. do hereby declare that have changed my name from Guddi devi and D.O.B- 01/01/1979 to Guddi and D.O.B-01/01/1969 by Vide affidavit before the Ld. Notary Public Govt. Of India at Palwal (H.R) dated 02.09.2025



# ऑनलाइन जुआ गिरोह का सरगना शिक्षक व उसका साथी गिरफ्तार

## आरोपी शिक्षक के ससुराल से एक करोड़ नकद बरामद! गिनती जारी



**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले की गंगारामपुर पुलिस ने अवैध लोट्टो और ऑनलाइन जुआ गिरोह के 'मुखियाओं' में से एक शिक्षक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शिक्षक का नाम अपूर्व सरकार है, जो गंगारामपुर का निवासी है। विज्ञान शिक्षक 2011 से नयाबाजार हाई स्कूल में कार्यरत हैं। इसके साथ ही गिरफ्तार किया गया एक अन्य व्यक्ति कुणाल दास भी गंगारामपुर का ही निवासी है। पता चला है कि रविवार की दोपहर पुलिस ने अपूर्व के ससुरालवालों के घर पर छापा मारा और भारी मात्रा में पैसे बरामद किए। सूत्रों के अनुसार, अपूर्व के ससुरालवालों के घर से लगभग एक करोड़ रुपये मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत 27 अगस्त को पुलिस ने गंगारामपुर में अवैध लोट्टो और ऑनलाइन लॉटरी के खिलाफ अभियान चलाया था। उस समय पुलिस ने पिंटू घोष नाम के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद, शिक्षक अपूर्व सरकार का नाम सामने आया। लेकिन, घटना के बाद से अपूर्व फरार था। आखिरकार, शनिवार को गंगारामपुर पुलिस ने अपूर्व और उसके साथी कुणाल को गंगटोक से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, रविवार को दोनों को बुनियादपुर स्थित गंगारामपुर उपजिला अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने गिरफ्तार लोगों को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बीच, अपूर्व से पूछताछ के बाद, गंगारामपुर और बालुरघाट थाने की पुलिस ने रविवार की शाम बालुरघाट स्थित उसके ससुरालवालों के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान बेडरूम से 7 लाख रुपये बरामद किए गए। इसके साथ ही पुलिस को ठाकुर के घर में एक टैंक भी मिला। पुलिस टीम का मानना है कि इसमें करोड़ों रुपये हैं। खबर लिखे जाने तक, पुलिस अपूर्व के ससुरालवालों के घर की तलाशी ले रही है। बरामद पैसों की भी तलाशी ली जा रही है। हालांकि, पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना की जांच अभी जारी है। और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, जांचकर्ता अभी कुछ भी कहने में असमर्थ हैं।

# मालदह में आरजी कर मेडिकल छात्रा की रहस्यमय मौत के बाद प्रेमी गिरफ्तार



**मालदह/कोलकाता :** कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अंतिम वर्ष की छात्रा की मौत के मामले में उसके प्रेमी को रविवार को गिरफ्तार किया गया है। संबंधित छात्रा की मालदह स्थित एक अस्प-ताल में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पीड़िता के परिवार ने पहले इंग्लिशबाजार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने मालदह मेडिकल कॉलेज के कनिष्ठ चिकित्सक और लड़की के प्रेमी को उसकी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनिंदिता सोरेन (24) की अप्राकृतिक मौत के मामले में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में नामजद आरोपी उज्ज्वल सोरेन को रविवार को गिरफ्तार किया गया। अनिंदिता की मां अल्पना टुडू ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उज्ज्वल ने उनकी बेटी को जहर दे दिया क्योंकि वह (पीड़िता) आधिकारिक विवाह पंजीकरण के लिए कह रही थी, जबकि वह (आरोपी) इसे टाल रहा था। टुडू ने दावा किया कि जब हमने उसे अस्पताल के सीसीयू में देखा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों हाल ही में पुरी गए थे, जहां अनिंदिता और उज्ज्वल ने एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली थी, लेकिन बाद में वह औपचारिक रूप से शादी का पंजीकरण कराने से मुकर गया था, जिससे अक्सर दोनों के बीच बहस होती रहती थी। अधिकारियों ने बताया कि उज्ज्वल को मालदह पुलिस की एक टीम ने मालदह के इंग्लिशबाजार कस्बे में उसके किराए के मकान से गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चल सकेगा।

### स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट को उपभोक्ताओं और उद्योग के लिए गेम-चेंजर बताया गया

**कोलकाता :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट देने और बीमाकर्ताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट का उपयोग करने की अनुमति देने का बड़ा सुधार घोषित किया गया। इस कदम को दोहरी लाभकारी पहल माना जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा अधिक किफायती होगा और बीमा उद्योग की वृद्धि को भी बल मिलेगा। इस घोषणा का स्वागत करते हुए रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, जीएसटी परिषद का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को छूट देना और बीमाकर्ताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट का उपयोग करने की अनुमति देना एक ऐतिहासिक कदम है।

## बंग साहू समाज ने पूजा के अवसर पर ग्रामीणों में किया वस्त्र वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंग साहू समाज के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर ग्रामीणों के बीच प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी राज्य के सुदूर ग्राम में वस्त्र वितरण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। बंग साहू समाज के कार्यकर्ता और पदाधिकारी, पुरुलिया के अयोध्या पहाड़ की ऊंचाई में अवस्थित बाघमुंडी, पीतिडिरी एंव तेलियाबासा गांव मे जाकर समाज के तरफ से साड़ी एंव बच्चो का वस्त्र वितरण किया गया। इस सामाजिक कार्य में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सीमा साव, सह सचिव बीना देवी साव के साथ अन्य महिलाएं भी सम्मलित हुए। समाज के सलाहाकार जगदीश प्रसाद साह, अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, सचिव महोदय विजय कुमार साव, कोषाध्यक्ष उमाशंकर साव, कार्यकारी अध्यक्ष किशोरी साव, सह अध्यक्ष संजय साव, संयुक्त सचिव गणेश साव, मनोज कुमार, कार्यकरणी सदस्य दिलीप कुमार साव, राजकुमार साव, अशोक कुमार साव (काशीपुर), नवल किशोर साव और अन्य सदस्यगण भी इस कार्यक्रम में जुड़े।

## शनिवार को भी मेट्रो में सफर का बढ़ता रुझान, स्मार्ट टिकटिंग को मिल रही लोकप्रियता

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो ने शनिवार, 13 सितंबर 2025 को कुल 6.96 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाया। छुट्टी का दिन होने के बावजूद यात्रियों ने बड़ी संख्या में मेट्रो का उपयोग किया। ब्लू लाइन पर सबसे अधिक 5.25 लाख यात्रियों ने सफर किया, जबकि ग्रीन लाइन पर लगभग 1.66 लाख यात्रियों ने मेट्रो की सेवाएँ लीं। येलो लाइन पर भी शनिवार से सेवाएँ शुरू की गईं और पहले ही दिन 5300 से अधिक यात्रियों ने इसमें सफर किया।

ब्लू लाइन पर 98 प्रतिशत से अधिक ट्रेनें समय पर चलीं और अवकाश के दिन 7 मिनट के अंतराल पर सेवाएँ दी गईं। येलो लाइन पर 32 मिनट के अंतराल पर गाड़ियाँ चलीं और 100 प्रतिशत समयपालन सुनिश्चित किया गया। ग्रीन लाइन पर पीक आवर्स में 6 मिनट के अंतराल पर सेवाएँ चलाई गईं और वहाँ भी पूरी तरह समयपालन हुआ।

भीड़ और लंबी कतारों से बचने के लिए यात्रियों से अपील की गई है कि वे डिजिटल टिकटिंग प्रणाली का उपयोग करें, जिसमें स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट शामिल हैं। ऐप या रिचार्ज के समय इनका उपयोग करने पर यात्रियों को 5 प्रतिशत बोनस/छूट भी मिलती है।

पिछले 8 दिनों में कुल 18,465 स्मार्ट कार्ड बेचे गए हैं और वर्तमान में लगभग 16 लाख स्मार्ट कार्ड प्रचलन में हैं। सितंबर के शुरुआती 13 दिनों में बड़ी संख्या में यात्रियों ने आमार कोलकाता मेट्रो ऐप डाउनलोड किया है। अब तक इस ऐप के सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 6.9 लाख से अधिक हो चुकी है। पिछले 13 दिनों में ही लगभग 4 लाख टिकट इसी ऐप के माध्यम से बुक किए गए हैं।

मेट्रो रेलवे ने हाल ही में यात्रियों से महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर रैक रिवर्सल में सहयोग की अपील की थी। यात्रियों के सकारात्मक सहयोग से पिछले तीन दिनों में 32 रैकों का संचालन बिना किसी कठिनाई के किया गया। इसके लिए मेट्रो प्रशासन ने सभी यात्रियों का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि रविवार से येलो लाइन पर भी सेवाएँ शुरू हो गई हैं। अब ब्लू और ग्रीन लाइनों के साथ येलो लाइन पर भी रविवार को 40 सेवाएँ (20 अप और 20 डाउन) संचालित होंगी। यात्रियों ने इस सुविधा पर संतोष और खुशी व्यक्त की है।

## हावड़ा-नई दिल्ली के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

### ८२,००० से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने हावड़ा और नई दिल्ली के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के संचालन से यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा और यात्रा में लचीलापन मिलेगा। रेलवे द्वारा चलाई जा रही इस विशेष ट्रेन से कुल 82,000 से अधिक अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। 04452 नई दिल्ली-हावड़ा पूजा स्पेशल ट्रेन 20.09.2025 से 15.11.2025 तक प्रतिदिन शाम 18:15 बजे नई दिल्ली से चलेगी और अगले दिन रात 23:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी (कुल 57 फेरे)। वहीं 04451 हावड़ा-नई दिल्ली पूजा स्पेशल 22.09.2025 से 17.11.2025 तक प्रतिदिन रात 01:30 बजे हावड़ा से चलेगी और अगले दिन सुबह 08:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी (कुल 57 फेरे)। यह ट्रेन पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के अंतर्गत बंदेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल सहित 21 स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर श्रेणी के डिब्बे होंगे। 04451 हावड़ा-नई दिल्ली पूजा स्पेशल ट्रेन की बुकिंग 14.09.2025 से पीआरएस केंद्रों और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

## 21 सितम्बर को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगा क्षमापना दिवस समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** समस्त जैन समाज एवं जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जिटो) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 सितम्बर को नेताजी इंडोर स्टेडियम, कोलकाता में भव्य क्षमापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत एवं साधु-साध्वीजनों की उपस्थिति रहेगी तथा उनकी प्रेरणादायी वाणी से उपस्थित श्रावक-श्राविकाएं लाभान्वित होंगे। पूज्य प्रियरंजना श्रीजी महाराज साहब की पावन उपस्थिति में श्री जिनदत्तसूरीजी दादागुरुदेव चादर महोत्सव (6 मार्च से 8 मार्च 2026, जैसलमेर) के आयोजन पर विचार-विमर्श हेतु रविवार को हावड़ा के रोज मेरी लेन स्थित लक्ष्मी हाइट्स में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। दादा गुरुदेव की पुण्य स्मृति में होने वाला यह महोत्सव हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर कमल सिंह रामपुरीया, रूप चन्द्र शामनसुखा, दिनेश जैन गंगवाल, बिमल महमवाल, सुनील चुड़ोरिया, सजंय घोषाल, पारसजी गांधी, बिमलजी मेहता, दिलीप कुंडलीया, ज्ञान चन्द्र दुगर, रबीनजी मनोहत समेत अन्य उप-स्थित रहे। साथ ही, जिटो की ओर से बुद्धमल लुनीया का विशेष सहयोग रहा।

## स्वच्छता अभियान के तहत हावड़ा मंडल ने बढ़ाई सफाई व्यवस्थाएँ



**हावड़ा , समाज्ञा :** स्वच्छता अभियान के तहत पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने अपने स्टेशनों पर सफाई और स्वच्छता मानकों को और मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मंडल ने यह सुनिश्चित किया है कि सफाई मशीनें, उपकरण और संयंत्र सही स्थिति में उपलब्ध रहें तथा सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और दक्षता के लिए उन्हें सुरक्षात्मक उपकरण प्रदान किए जाएँ। ये सक्रिय उपाय चंदननगर, श्रीरामपुर, रामपुरहाट, मोगरा, अज़ीमगंज और बाँदेल जैसे प्रमुख स्टेशनों पर लागू किए गए हैं, जिससे यात्रियों के अनुभव में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पूर्व रेलवे ने कहा है कि वह निरंतर निगरानी, आधुनिक सफाई अवसंरचना और समर्पित कार्यबल की भागीदारी के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल स्टेशन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सर्वभारतीय निबंध प्रतियोगिता - 2025 का आयोजन पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) द्वारा रविवार को बेहाला, कोलकाता स्थित अरुण-ोदय घोलेशापुर विद्यालय में सर्वभारतीय निबंध प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से पूर्व रेलवे के ग़ैर-राजपत्रित कर्मचारियों के आश्रित बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं विच-ारशील दृष्टिकोण को निबंधों के माध्यम से प्रस्तुत किया। ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष श्रीमती सीमा देवूस्कर ने प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए विषय की घोषणा की। इस अवसर पर कार्यकारी समिति के सदस्य भी उप-स्थित रहे। श्रीमती देवूस्कर एवं समिति के सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी लेखन क्षमता को और निखारें तथा बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने में योगदान दें। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को उपहार और खाद्य पैकेट देकर सम्मानित किया गया। ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने अरुण-ोदय घोलेशापुर विद्यालय के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। संगठन ने कहा कि वह भविष्य में भी पूर्व रेलवे के ग़ैर-राजपत्रित कर्मचारियों के परिव-ारजनों के लिए शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एक्सिस बैंक ने लांच किया स्पर्श सप्ताह 2025

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक ने स्पर्श सप्ताह 2025 के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ऐतिहासिक पहल है जो देश भर में अपनी 5,868 शाखाओं के नेटवर्क में 1 लाख से अधिक कर्मचारियों को एक साथ लाएगी ताकि ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत किया जा सके और उन्हें यादगार अनुभव दिए जा सकें। 1 से 5 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस प्रमुख कार्यक्रम में देश भर के कर्मचारी, ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ेंगे और बैंक की पहचान बनाने वाली सेवा भावना का जश्न मनाएंगे। रेजिंग द बार थीम के साथ, इस वर्ष का संस्करण बैंक के विशाल नेटवर्क में ग्राहक अनुभव, कर्मचारी जुड़ाव और लीडरशिप विजिबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ, अमिताभ चौधरी ने कहा, स्पर्श को अपने प्रयासों के केंद्र में रखते हुए, हम ग्राहक पर केंद्रित रहते हैं, और अपने ग्राहकों को हर दिन खुश रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 55 नागरिकों की आँख में मोतियाबिन्द का नि:शुल्क आपरेशन किया



**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने गौरवान्वित माहेश्वरी के सहयोग से सेवा शिविर में 55 नागरिकों की आँख में मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया। शिविर के उद्घाटनकर्ता राधाकिशन दम्मानी, प्रमुख अतिथि श्रीरतन चांडक, इन्द्र कुमार दम्मानी, राजकुमार दम्मानी, केदार बागड़ी, बृजमोहन मूंधड़ा, नरेन्द्र बागड़ी, बुलाकी दास मीमानी का सम्मान नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, गोवर्धन मूंधड़ा, डॉ. अविनाश गुप्ता, आलोक दम्मानी, मदन मोहन दम्मानी, विकास जयसवाल एवं कार्यकर्ताओं ने किया। पूर्वजों की स्मृति में आयोजित सेवा शिविर में अतिथियों ने नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए हरसम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। नेत्रदान के प्रति जागरूकता पर भी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विजय बागड़ी, बिमल बालासिया, गणेश प्रसाद लाखोटिया, संजय सांगानेरिया, मधुसूदन सफ़्फ़ड़ एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन आलोक दम्मानी ने धन्यवाद ज्ञापन मदन मोहन दम्मानी ने किया।

## सीकर नागरिक परिषद ने अग्रसेन जी की शोभायात्रा में की सेवा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा रविवार को अग्रवंश के आद्य पुरुष महाराजाधिराज श्री अग्रसेन महाराज की जयंती के पावन अवसर पर श्री अग्रसेन स्मृति भवन द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में परिषद की ओर से सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। शोभायात्रा हरियाणा भवन से आरम्भ कर विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री अग्रसेन स्मृति भवन, कलाकार स्ट्रीट पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में परिषद द्वारा प्रस्तुत श्रीराम-सीता की झांकी भी निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान कलाकार स्ट्रीट स्थित नींबूतल्ला मोड़ पर लगभग 500 भक्तजनों को माजा, सेव फल एवं पेड़ा प्रसाद से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर की शुरुआत परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराज अग्रसेन को पुष्पहार अर्पित कर, उनकी आरती उतारने तथा प्रसाद वितरण के साथ हुई। उक्त जानकारी संयोजक काशी प्रसाद धेलिया एवं सह संयोजक रतन कुमार सीकरिया ने दी। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि शोभायात्रा के माध्यम से हम समाज में एकता और भाई चारे का संदेश देना चाहते है। अध्यक्ष अरविंद बियानी एवं सचिव रवि शंकर सीकरिया ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा, जिनमें कमल प्रसाद चौधरी, सुशील अग्रवाल, आदित्य विक्रम बियानी, रामोतार अग्रवाल, राम गोपाल सराफ, महेश शर्मा, गोपाल सीकरिया, रोहित जाजोदिया, मनोज मित्तल सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

## सियालदह मंडल ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वच्छता अभियान 2025 के तहत पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने यात्रियों, दुकानदारों और आम जनता को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया। नैहाटी रेलवे स्टेशन पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, नैहाटी की उपस्थिति में सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान कूड़ा न फैलाने, डस्टबिन के सही उपयोग और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, नंगी रेलवे स्टेशन पर बैलीगंज के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने लेवल क्रॉसिंग गेट क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया और दुकानदारों व स्थानीय जनता को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सियालदह मंडल अपने स्टेशनों और उनके आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ व टिकाऊ बनाए रखने के लिए ऐसे अभियानों के प्रति प्रतिबद्ध है।

## भाजपा नेताओं ने 'द बंगाल फाइल्स' के निदेशक को दिया धन्यवाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल लाइब्रेरी में शनिवार को 'खोला हावा' द्वारा 'द बंगाल फाइल्स' की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की गई। इसमें फिल्म के निर्माता व निर्देशक और लेखक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी उपस्थित रहे। यह फिल्म बंगाल में 16 अगस्त, 1946 में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों का मार्मिक चित्रण है। यह सिनेमा समाज को सच से अवगत कराने और न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। इस फिल्म को आम जनता के साथ भाजपा नेताओ-समर्थकों ने देखी। पूर्व सांसद सपन दासगुप्ता, शिशिर बाजोरिया, शंकुदेव पांडा, भोला प्रसाद सोनकर व दीपू बैठा ने विवेक अग्निहोत्री को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया।

### इनकम टैक्स स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब ने उठाया मानवता का दायित्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** इनकम टैक्स स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब, पश्चिम बंगाल ने अपनी 81वीं वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव के मौके पर ऐसे दो स्वैच्छिक संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जो लगातार वंचित और विशेष रूप से सक्षम लोगों को मुख्य धारा में वापस लाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरभि वर्मा गर्ग, आईआरएस, प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, पश्चिम बंगाल और सिक्किम रीजन तथा क्लब की मुख्य संरक्षक ने दीप प्रज्वलित कर किया। क्लब की ओर से अध्यक्ष विक्रांत पाल सिंह, आईआरएस ने आर्थिक सहायता सौंपी कांत चक्रवर्ती को, जो निहारकना रिहैबिलिटेशन सेंटर, दमदम की निदेशिका हैं। इसी प्रकार सहायता दी गई समीत साहा को, जो केष्टोपुर रवींद्रपल्ली संवेदन के निदेशक हैं।

## श्रीकृष्ण की प्रतिमूर्ति हैं श्रीमद्भागवत कथा : श्रीकांत शर्मा 'बालव्यास'



**कोलकाता :** श्रीमद्भागवत कथा बालकृष्ण भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमूर्ति है तो रामायण भगवान राम की प्रतिमूर्ति है। श्रीमद्भागवत कथा साक्षात् श्रीकृष्ण का स्वरूप है।इसमें हम भगवान श्रीकृष्ण का अनुभव कर सकते हैं।जब हमारे कई जन्मों का पुण्य एकत्र होता है और श्रीकृष्ण कृपा करते हैं तब हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है।श्रीमद्भागवत कथा जीवन जीने की कला सिखाती हैं। मृत्यु जीवन को रूला रही हो तो श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कीजिए,मृत्यु रूलाएंगी नहीं, महोत्सव बना देगी। राजा परीक्षित जब शुकदेव मुनि से श्रीमद्भागवत का श्रवण किया तो वे मृत्यु को महोत्सव मान लिया। श्रीकृष्ण की यह कथा मनुष्य को आनंद देती है और उसके समस्त कामनाओं को पूरा करती है। भजन-भक्ति के माध्यम से संत हृदय में भगवान को स्थापित करते हैं। वृंदावन में जब भक्ति के बेटे ज्ञान और वैराग्य बूढ़े हो गए तो भक्ति नारदजी से अपनी पीड़ा बताई ।भक्ति की पीड़ा को मुक्त करने के लिए नारद जी वेद,उपनिषद आदि कथा सुनाएं पर ज्ञान और वैराग्य वैसे ही बूढ़े रहे।जब नारद के आग्रह पर सनतकुमार ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाएं तब ज्ञान और वैराग्य जवान हो गए,भक्ति में वृद्धि हुई। भक्ति प्रसन्न होकर बोली ,मैं कहां रहूं?

सनतकुमार ने कहा कि सबके हृदय में निवास करो जो भगवान के नाम को स्मरण करता हो। जीवन में प्रभु की कृपा चाहिए तो भगवान के नाम का जाप बढ़ाएं।ईश्वर की इच्छा में अपनी इच्छा को जोड़ दीजिए तब जीवन में आनंद ही आनंद का अनुभव कीजिए। ईश्वर और संत किसी को दुख नहीं देते अपितु सब पर कृपा करते हैं।दीपक की तरह संत जलकर जगत में रोशनी फैलाता है।संत का फल है सत्संग। आत्मदेव को जब संतान नहीं हुआ तो एक संत ने उन्हें फल दिया कि इसे अपनी पत्नी को खिला दो पर वह खाई नहीं गाय को खिला दी।गाय से गोकर्ण का का जन्म हुआ। गोकर्ण ने जब अपने भाई धुंधकारी को श्रीमद्भागवत सुनाएं तो वह प्रेत योनि से मुक्त हुआ। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से ज्ञान, भक्ति,वैराग्य और मोक्ष की सहज प्राप्ति है। ये बातें राजस्थान गौ कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए आचार्य श्रीकांत शर्मा ' बाल व्यास' ने गणपति राजेश सभागार में कहीं।उन्होंने कहा कि गाय माता की सेवा करता है उस गोविन्द की कृपा बरसती है ।मालूम हो कि यह श्रीमद्भागवत कथा सुरभि सदन गौशाला के निर्माण, विकास और संचालन हेतु आयोजित की गई है।कथा को सफल बनाने में चम्प-ालाल सरावगी, बृजमोहन गाड़ोदिया, प्रेमचंद ढांढनिया, कृष्ण कुमार छापड़िया,राजेन्द्र प्रसाद बुबना,बालकिसन नेवटिया अरुण केडिया,राहुल दीवान,प्रकाश केडिया,रामस्वरूप गोयनका,विनय मस्करा,अजय पोद्दार सहित अन्य सदस्य सक्रिय है।इस अवसर मनोहर दीवान,रूचिका गुप्ता, शकुंतला दीवान,महावीर सांवरिया,घनश्याम गुप्ता,रतनलाल अग्रवाल,बनव-ारीलाल चौधरी,रामस्वरूप अग्रवाल,रामकथावाचक पुरूषोत्तम तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन संजय मस्करा ने किया।

# आज प्रधानमंत्री बिहार में 36,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे



पटना : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार दौरे पर कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें 36000 करोड़ रुपये की की परियोजनाएं शामिल हैं जिनसे राज्य के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं और अपने 11 साल के कार्यकाल में, मोदी ने बिहार को लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है तथा कल एक और तोहफा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्णिया हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव में अंतरिम टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे जिससे यात्री संचालन क्षमता बढ़ेगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इसके अलावा वह 'सेक्स सॉर्टेड सीमेन' केंद्र का उद्घाटन करेंगे, जो राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की पहली अत्याधुनिक सुविधा होगी। यह तकनीक डेयरी किसानों को अधिक मादा बछिया प्राप्त करने में मदद करेगी और उनकी आय में वृद्धि करेगी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री राज्य में निजी क्षेत्र के निवेश वाली ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे जो करीब 25 हजार करोड़ रुपये की है। बयान के अनुसार, मोदी 2,680 करोड़ रुपये की लागत वाली कोसी-मेची परियोजना के पहले चरण का भी शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना के तहत नहरों का उन्नयन, गाद की निकासी, क्षतिग्रस्त संरचनाओं का पुनर्निर्माण और जल निकासी क्षमता को 15,000 क्यूसेक से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक किया जाएगा और इससे पूर्वोत्तर बिहार के जिलों को सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और कृषि लचीलेपन में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया है कि रेल संपर्क को नई दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री बिक्रमशिला से कटेरिया तक 2,170 करोड़ रुपये की लागत वाली रेल लाइन का शिलान्यास करेंगे, जो गंगा नदी पर सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगी। इसके अलावा अररिया से गलगलिया (ठाकुरगंज) तक 4,410 करोड़ रुपये लागत वाली नई रेल लाइन का उद्घाटन भी किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और रविवार आधी रात से 24 घंटे के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर वाहनों का परिचालन भी निलंबित रहेगा। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने पूर्णिया स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल है। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। शनिवार को मिश्र (89) को इलाज के लिए मिर्जापुर के रामकृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिश्र इससे पहले हीमोग्लोबिन की कमी और त्वचा संबंधी समस्याओं का इलाज करा रहे थे। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम मिश्र के स्वास्थ्य की देखभाल कर रही थी। नम्रता मिश्र ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।



वाराणसी: महिलाएं पारंपरिक आस्था के साथ जितिया व्रत करती हुईं।



धनबाद: दुर्गा पूजा से पहले कारीगर प्रतिमा को अंतिम रूप देते हुए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा करेंगे

**चंडीगढ़ :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने रविवार को बताया कि एक दिवसीय दौरे के दौरान गांधी अमृतसर और गुरदासपुर जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी राज्य की अपनी यात्रा के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मिलेंगे। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। पंजाब को दशकों में अपनी सबसे भीषण बाढ़ आपदाओं में से एक का सामना करना पड़ा। यह बाढ़ सतलुज, व्यास और रावी नदियों के उफान के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण मौसमी नालों में उफान का नतीजा थी। इसके अलावा पंजाब में भारी बारिश के कारण भी बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है।

### झारखंड के हजारीबाग में सड़क दुर्घटना में 12 लोग घायल

**हजारीबाग (झारखंड) :** झारखंड के हजारीबाग जिले में रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हजारीबाग शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर यह हादसा सुबह करीब छह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-522 पर बिष्णुगढ़ और बगोदर के बीच हुआ, जब एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। बिष्णुगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बीएन प्रसाद ने बताया कि वाहन हजारीबाग की महाराष्ट्रियन कॉलोनी से यात्रियों को लेकर बगोदर जा रहा था, जो हजारीबाग और गिरिडीह जिले की सीमा पर स्थित है।

### मुजफ्फरनगर में आभूषण व्यापारी से लाखों रुपये के जेवर लूटे

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में हथियारों से लैस बदमाशों ने रविवार को एक आभूषण विक्रेता से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, एक मोबाइल फोन और नकदी लूट ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बुढ़ाना थाना क्षेत्र के बुढ़ाना-हबीबपुर मार्ग पर आभूषण विक्रेता नेम चंद मोटरसाइकिल से अपनी दुकान जा रहे थे, तभी रास्ते में बदमाशों ने उनके साथ लूटपाट की। नेम चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोका और बंदूकों के बल पर लाखों रुपये कीमत के सोने, चांदी के जेवर, मोबाइल फ़ोन और चार हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए।

### झारखंड के देवघर में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर :** झारखंड के देवघर जिले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देवघर साइबर पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारियां मोहनपुर थाना क्षेत्र के चोपा के निकट से की गईं। पुलिस ने कहा, पुलिस ने चोपा में छापा मारा और चार लोगों को गिरफ्तार किया, जो फर्जी बैंक अधिकारी, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को फोन करके पीएम किसान योजना के तहत 'कैशबैक' या लाभ का वादा कर ठग रहे थे।

### अलीगढ़ में आठ साल की लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिले में एक स्कूल में आठ साल की लड़की से छेड़छाड़ की कोशिश करने के आरोप में 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बन्ना देवी थाना क्षेत्र के एक गांव में बाबू सिंह इंटर कॉलेज के चौकीदार के बेटे को शनिवार शाम को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्र में उस समय हंगामा मच गया जब यह खबर फैली कि बाबू सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली एक लड़की कल सदमे की हालत में घर लौटी थी, जब एक 19 साल के युवक गोलू ने उसे एक कमरे में बंद करके यौन उत्पीड़न की नाकाम कोशिश की। पुलिस के अनुसार, लड़की ने शोर मचाया और किसी तरह उसके चंगुल से छूटने में कामयाब रही। खबर फैलते ही गुस्साई भीड़ स्कूल परिसर में जमा हो गई और उस युवक को पकड़कर पूरे गांव में घुमाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कमलेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में हमारे लिए करो या मरो की स्थिति है: जीतन राम मांझी



**गया (बिहार) :** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक जीतन राम मांझी ने रविवार को कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी के लिए ''करो या मरो'' की स्थिति पेश कर रहा है। अपने लोकसभा क्षेत्र गया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मांझी ने कहा कि पार्टी गठन के एक दशक बाद भी ''मान्यता प्राप्त पार्टी'' का दर्जा न मिलना उनके लिए ''अपमानजनक'' है। उन्होंने कहा, मान्यता प्राप्त पार्टी का दर्जा पाने के लिए विधानसभा में कम से कम आठ सीट जीतनी होंगी या कुल मतों का छह प्रतिशत वोट हासिल करना होगा। मांझी ने इस लक्ष्य तक पहुंचने के दो रास्ते बताए, पहला, राजग का हिस्सा बनकर कम से कम 15 सीट पर चुनाव लड़ना और 50 प्रतिशत से अधिक सीट पर जीत दर्ज करना। दूसरा, 50 से 100 सीट पर प्रत्याशी उतारकर प्रत्येक क्षेत्र में औसतन 10 हजार वोट पाना। हाल में दिल्ली में हुई हम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में मांझी ने बिहार विधानसभा की सभी 243 सीट पर उम्मीदवार उतारने की बात कह सनसनी फैला दी थी। हालांकि, बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि यह बयान उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए दिया था। मांझी ने 2015 में अपनी पार्टी का गठन तब किया था जब उन्हें नीतीश कुमार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था। इस बार भी रणनीति को लेकर सवाल पूछे जाने पर मांझी ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें निर्णय लेने के लिए अधिकृत करती है तो वह आवश्यक कदम उठाएंगे।

## पद्म विभूषण से सम्मानित गायक छन्नूलाल मिश्र को बीएचयू अस्पताल में स्थानांतरित किया गया



मिर्जापुर/वाराणसी (उप्र) : पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र को हृदय संबंधी समस्या के चलते वाराणसी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदर लाल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पंडित छन्नूलाल मिश्र को सर सुंदर लाल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है। मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्र ने बताया कि मिर्जापुर में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सर सुंदर लाल अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की देर रात ही उन्हें अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल चिकित्सक उनकी स्थिति स्थिर बता रहे है। इसके पहले, मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज (मिर्जापुर) के प्राचार्य के निजी सहायक डॉ. राजेश बिंद ने शनिवार देर रात कहा कि कोई बड़ी समस्या नहीं है, फिर भी एहतियात के तौर पर उन्हें बीएचयू अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया

## वंचित 12 हजार से ज्यादा गांवों को एक साल में बस सुविधाओं से जोड़ा जाएगा : परिवहन मंत्री



**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रविवार को कहा कि राज्य में रोडवेज बस सुविधा से वंचित 12 हजार से ज्यादा गांवों को एक साल में परिवहन सुविधाओं से जोड़ दिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में स्वीकार किया कि प्रदेश के 12 हजार 200 गांव उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस सेवाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार के प्रयासों से अगले एक साल के अंदर इन सभी गांवों को परिवहन सेवाओं से जोड़ दिया जाएगा। प्रदेश का कोई भी गांव ऐसा नहीं होगा जहां रोडवेज बस की सेवा नहीं हो।' सिंह ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलायी जाएंगी और प्रथम चरण में प्रदेश के 45 जिलों में यह सेवा शुरू होगी तथा दूसरे चरण में सूबे के सभी 75 जिलों में यह सेवा शुरू हो जाएगी। परिवहन मंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में डेढ़ लाख जन सेवा केंद्रों को परिवहन विभाग से जोड़ा गया है तथा गांवों में रहकर अब जनसेवा केंद्र पर महज 30 रुपये देकर परिवहन विभाग की 49 विभिन्न सेवाएं ली जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अब विभाग के कार्यालय में आने की कोई आवश्यकता नहीं है तथा सभी सुविधाओं को जन सेवा केंद्रों पर मुहैया करा दिया गया है। सिंह ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में 23 बस अड्डों को हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसका काम तेजी से चल रहा है।

## हिंदी दिवस पर योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने प्रदेशवासियों को बधाई दी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत कई नेताओं ने रविवार को हिंदी दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई दी। आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा प्रदेश वासियों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई! हिंदी हमारी एकता का आधार और अस्मिता की प्रहरी है। समस्त भारतीयों को एक सूत्र में पिरोती हमारी परंपराओं की संवाहिका हिंदी हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। उन्होंने कहा, हिंदी के अधिकाधिक उपयोग व वैश्विक प्रसार का संकल्प लें, इसके विकास में भागीदार बनें और इसे डिजिटल युग की सबसे प्रभावी भाषा बनाएं। मौर्य ने 'एक्स' पर सुमित्रानंदन पंत के कथन हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है को साझा करते हुए कहा, देश की विविधता, संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को एक सूत्र में पिरोने वाली हमारी राजभाषा हिंदी दिवस पर समस्त देश व प्रदेश वासियों की हार्दिक शुभकामनाएं! हिंदी दिवस का यह पर्व हमें अपनी मातृभाषा के सम्मान और उसके वैश्विक प्रसार का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने वाली हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है। पाठक ने कहा देश की विविधता, संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों को एक सूत्र में पिरोने वाली हमारी राजभाषा हिंदी दिवस पर समस्त देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लिखा, आप सभी प्रदेशवासियों को 'हिंदी दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### झारखंड में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन ने बताया कि मृतक की पहचान मुखदेव यादव (40) के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित माओवादी गुट 'तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी' (टीएसपीसी) का स्वयंभू कमांडर था। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) माइकल राज एस ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मनातू और तरहसी की सीमा पर स्थित वन क्षेत्र में आज सुबह मुठभेड़ शुरू हुई और बाद में वहां से एक नक्सली का शव एवं एक राइफल बरामद की गई। रमेशन ने बताया कि मुखदेव यादव चार सितंबर को पलामू में हुई दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या में भी कथित रूप से शामिल था तथा उसपर पांच लाख रुपये का इनाम था।

## पंजाब बाढ़: चिकित्सा शिविरों और घर-घर स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष अभियान शुरू

**चंडीगढ़ :** पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बलबीर सिंह ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रविवार से विभिन्न गांवों में संपूर्ण चिकित्सा तंत्र की बड़े पैमाने पर तैनाती के आदेश जारी किए हैं। मंत्री ने रविवार से 2303 बाढ़ प्रभावित गांवों में 'विशेष स्वास्थ्य अभियान' चलाने के लिए सरकारी चिकित्सकों, निजी स्वयंसेवकों, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों और एमबीबीएस इंटर्न सहित सभी उपलब्ध संसाधनों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। सिंह ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि वे स्वास्थ्य शिविरों और घर-घर जाकर काम करने वाली टीम के लिए हरसंभव चिकित्सा पेशेवर नियुक्त करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाढ़ के बाद बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए कोई भी गांव स्वास्थ्य सेवा और निवारक उपायों से वंचित न रह जाए। यह विशेष अभियान हाल ही में आई अभूतपूर्व बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित सभी 2,303 गांवों में चलाया जा रहा है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य रोगवाहक कीटाणु जनित, जल जनित और संचारी रोगों के प्रकोप को रोकना है। सिंह ने रविवार को कहा, ''हमारे लोगों की भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जयपुर में भीषण कार हादसे में खत्म हो गए दो परिवार; सात लोगों की मौत



**जयपुर :** जयपुर में शनिवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर रिंग रोड से नीचे पानी से भरे अंडरपास में गिर गई। हादसे में कार में सवार दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मारे गए लोग दो परिवारों के सदस्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में प्रह्लादपुरा के पास हुई। एक तेज रफ्तार कार संभवत: डिवाइडर से टकराकर रिंग रोड से लगभग 16 फुट नीचे जा गिरी। कार एक अंडरपास में गिरी जिसमें पानी भरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त कार को पानी से भरे अंडरपास में उलटी पड़ी देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। शिवदासपुरा के थानाधिकार सुरेंद्र सैनी ने कहा, कार में सवार सभी सात लोग मृत पाए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु, उनके बेटे रुद्र के रूप में हुई है। इसके अलावा रामराज के रिश्तेदार कालूराम, कालूराम की पत्नी सीमा, उनके बेटे रोहित और गजराज की भी हादसे में मौत हो गई जो केकड़ी अजमेर के रहने वाले थे। सैनी ने बताया कि ऐसा लगता है कि हादसा शनिवार देर रात हुआ। हालांकि सही समय का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने आगे कहा, हादसे का पता तो रविवार दोपहर को चला जब दुर्घटनाग्रस्त कार अंडरपास में दिखी। पुलिस के अनुसार टैक्सी चालक रामराज, कालूराम और उनके परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और जयपुर लौट रहे थे।

### प्रयागराज में कार की टक्कर से सात लोग घायल

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यमुना नगर के घूरपुर थाना अंतर्गत रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर में सात लोग घायल हो गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। एसीपी (कौंधियारा) विवेक यादव ने बताया कि थाना घूरपुर अंतर्गत रविवार शाम एक कार चालक ने अन्य वाहनों को टक्कर मार दी जिसमें कुल सात लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों से तहरीर प्राप्त कर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। यादव ने बताया कि कार चालक अनुराग शर्मा (40) को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### लखनऊ में उड़ान ऐन वक्त पर रद्द की गई

**लखनऊ :** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर दिल्ली जाने के लिए तैयार खड़े इंडिगो के एक विमान को शनिवार को उड़ान भरने के बमुश्किल दो सेकंड बाद ही रद्द करना पड़ा। खबरों के अनुसार, विमान में 171 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। सूत्रों ने बताया कि यात्रियों में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव भी शामिल थीं। उड़ान संख्या 6ई2111 के यात्रियों में शामि अमित सिंह ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 6ई2111 की उड़ान दो सेकेंड के भीतर रनवे पर रद्द कर दी गई। फिर से तकनीकी समस्या जिम्मेदार बताई जा रही है। भारत में उड़ान भरना दिन-ब-दिन चिंताजनक होता जा रहा है। इस बीच, विमानन कंपनी के सूत्रों ने बताया, 13 सितंबर को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई2111 ने शुरुआती 'टेकऑफ रोल' के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण उड़ान रोक दी। विमान सुरक्षित तरीके से रोक लिया गया और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार वापस आ गया। सूत्रों ने बताया, बाद में विमान को बदल दिया गया और थोड़ी देरी के बाद उसे रवाना किया गया। बार-बार प्रयास करने के बावजूद सांसद डिंपल यादव से घटना के संबंध में बात नहीं हो सकी।

### बलिया की एक अदालत ने थाना प्रभारी और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी का आदेश दिया

**बलिया (उप्र) :** बलिया की एक अदालत ने फेफना थाने के तत्कालीन प्रभारी समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। अभियोजन पक्ष ने रविवार को बताया कि एक महिला ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने आरोपियों के इशारे पर, उसके साथ मारपीट की शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) शैलेश पांडे ने शनिवार को बैरिया गांव की सोमारी देवी की अर्जी पर यह आदेश पारित किया। पांडे ने आरोप लगाया था कि 11 जून, 2024 को उसी गांव की उनकी 'पट्टीदार' (कृषि साझेदार) रिंकू देवी और उनके परिवार के सदस्य घर में घुस आए और भूमि विवाद को लेकर उनके साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की। पीड़िता ने यह दावा भी किया कि उसके बाएं हाथ में चाकू मारा गया था। राय ने कहा कि अदालत ने पाया कि थाने की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि विरोधी पक्ष के प्रभाव में आकर सोमारी देवी की चिकित्सकीय जांच नहीं कराई गई। अदालत ने कहा कि पीड़िता की चिकित्सकीय जांच न कराना इस बात का संकेत है कि पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभाई। अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में मामले की जांच पुलिस से कराना उचित प्रतीत होता है। अदालत ने तत्कालीन थाना प्रभारी (एसएचओ) और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया और तीन दिन में प्राथमिकी की एक प्रति के साथ साथ जांच के बाद प्रगति रिपोर्ट भी अदालत को सौंपने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता ने दावा किया था कि मारपीट की घटना की लिखित सूचना थाने को दी गई थी, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी सहजानंद चौबे ने उसे डांटा और चाकू लगने की घटना का जिक्र रिपोर्ट से हटाने के लिए मजबूर किया।

### शाहजहांपुर में जमीन में दफन की गयी 15 दिन की बच्ची, पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला

**शाहजहांपुर :** शाहजहांपुर जिले के जैतीपुर क्षेत्र में रविवार को करीब 15 दिन की जीवित बच्ची जमीन में दफन मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को जमीन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जैतीपुर थाना क्षेत्र के गोडापुर गांव में लगभग 15 दिन की बच्ची कुछ छोटे पेड़ों के बीच जमीन में दबी थी और उसके रोने की आवाज सुनकर एक ग्रामीण ने पास जाकर देखा तो बच्ची का एक हाथ जमीन से बाहर निकला हुआ था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक मिट्टी हटाकर जमीन से बच्ची को बाहर निकलवाया। द्विवेदी ने बताया कि बच्ची की सांसे चल रही थीं और उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल भेजा गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि आज दोपहर बाद गंभीर हालत में एक बच्ची अस्पताल लाई गई थी और उसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सघन देखभाल इकाई में रखा गया है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बच्ची किसकी है और किसने उसे दफनाया है, इसकी जांच की जा रही है।

### राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 3.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

जयपुर : राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल (आरक्षी) के 10,000 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा रविवार को संपन्न हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो दिन अलग-अलग पारी में चली इस परीक्षा में 3.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस परीक्षा के लिए कुल पांच लाख 24,740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था जिनमें से तीन लाख 76,902 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दोनों दिनों में करीब 72 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि रविवार को जिला पुलिस कॉन्स्टेबल, इंटेलिजेंस, आरएसी, एमबीसी के कॉन्स्टेबल सामान्य एवं चालक पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 21 जिलों में किया गया।

# जादवपुर पर कल्याण बनर्जी का बड़ा बयान: 'सिर्फ 10% छात्र बिगाड़ रहे हैं माहौल'

**हुगली, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय को लेकर सियासी आरोप-प्रत्यारोप थमने का नाम नहीं ले रहा। इसी कड़ी में श्रीरामपुर लोकसभा सीट से सांसद कल्याण बनर्जी ने विश्वविद्यालय के हालात पर गंभीर टिप्पणी की है।

उन्होंने कहा कि 'जादवपुर को 34 साल जैसा था, वैसा ही रखा गया है। लेकिन सिर्फ दस प्रतिशत की वजह से सब कुछ बर्बाद हो रहा है। जादवपुर, जादवपुर ही बना हुआ है। एसएफआई और अल्ट्रा




कम्युनिस्टों ने जादवपुर को खत्म कर दिया। वे दरअसल विध्वंसक हैं। उन्हीं लोगों ने हाईकोर्ट में केस किया था कि यूनियन ऑफिस क्यों खुला रहेगा।'

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि यूनियन ऑफिस में ही 'भाइयों के बेटे तांडव मचाते हैं, गाने-बजाने लगते हैं। 34 साल तक जादवपुर में सीपीएम की जो भूमिका रही, आज भी वही है-पूरी तरह बेकाबू।' कल्याण ने दावा किया कि 'देशभर में अच्छा रिजल्ट करने के बाद भी सिर्फ दस प्रतिशत छात्रों की वजह से उस नाम पर दाग लग रहा है।' 'वहां कई तरह की प्रतिबंधित चीजें मिलती हैं।' 'जब तक अल्ट्रा लेफ्ट रहेगा, तब तक यही सब होता रहेगा।'

सीपीएम पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, 'गांजा-दारू पीने वाले सब सीपीएम के लोग ही हैं। सीसी कैमरे लगाने ही नहीं दे रहे। पहले जो पूरे कैमरे लगाए गए थे, सब निकाल फेंका। सीपीएम का मतलब है, अपराधियों का अड्डा।'

# पूजा पंडालों में 'बुक स्टॉल' लगाकर जनता से जुड़ने की तैयारी में बंगाल भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा**

दुर्गा पूजा के दौरान जनसंपर्क बढ़ाने के लिए बंगाल भाजपा इस बार नई रणनीति पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी पूजा पंडालों में 'बुक स्टॉल' लगाकर आम लोगों से जुड़ने की योजना बना रही है। शनिवार की रात आयोजित एक अहम बैठक में पार्टी के पश्चिम बंगाल प्रभारी सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। शीर्ष नेतृत्व ने साफ संदेश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान बुक स्टॉल को ही जनता तक पहुंचने का बड़ा हथियार बनाया जाएगा और इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक कड़ी मेहनत करनी होगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों और बड़े पूजा प्रांगणों को चुनकर वहां ये स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स में 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया जाएगा और इसे पूरी तरह स्वदेशी स्वरूप में पेश किया जाएगा। साथ ही, पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों की हर संभव मदद करने पर जोर दिया गया है, ताकि जनता के बीच पार्टी की 'हमेशा साथ रहने' वाली छवि मजबूत हो। महालया के बाद यानी पूजा की शुरुआत होते ही शहर से गांव तक भाजपा का यह जनसंपर्क अभियान शुरू होगा। शनिवार की बैठक में सुनील बंसल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम को बूथ स्तर तक ले जाना होगा। इसके साथ ही विधानसभावार और मंडल स्तर पर 'विजया सम्मेलन' आयोजित करने पर भी जोर देने को कहा गया है।

### खेजुरी में सहकारी चुनाव में बमबाजी का आरोप

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के खेजुरी-दो नंबर ब्लॉक के जनका इलाके में स्थित गोराहार सहकारी समिति के चुनाव को लेकर रविवार को भारी बमबाजी का आरोप सामने आया है। मौके से एक जिंदा बम भी बरामद किया गया है। भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि तृणमूल समर्थित गुंडों ने इलाके में लगातार बमबाजी की। यहां तक कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार अमृत पात्र के घर को निशाना बनाकर बम फेंके गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बम बरामद कर लिया है। हालांकि, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। खेजुरी-दो ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष समुद्भव दास ने कहा कि उस इलाके में तो भाजपा का दबदबा है। दो बार के चुनाव में तो हम काम ही नहीं कर पाए। वही लोग दबंगई करके हमारे मतदाताओं को गाली-गलौज कर रहे हैं।

## तारकेश्वर में सिलेंडर फटने से लगी आग, छह दुकानें राख



**हुगली, समाज्ञा :** रविवार सुबह हुगली जिले के तारकेश्वर के चांपाडांगा बस स्टैंड क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिससे छह दुकानें जलकर राख हो गईं। विश्वकर्मा और दुर्गा पूजा की तैयारियों के बीच हुई इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मचा दिया। सुबह लगभग सात बजे सबसे पहले एक चाय-नाश्ते की दुकान में आग लगी। जोरदार धमाके के बाद आग बगल की दो रेस्टोरेंट और फूल की दुकान सहित कुल छह दुकानों तक फैल गई। सूचना मिलते ही तारकेश्वर थाने की पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा। एक दमकल इंजन की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकानें पूरी तरह जल चुकी थीं। फिलहाल नुकसान का सही अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

## हसनाबाद शाखा पर चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**



सियालदह-हसनाबाद रेलखंड पर रविवार को चलती ट्रेन से गिरकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना से इलाके में काफी तनाव फैल गया। रेलवे पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व्यक्ति कैसे गिरा? रेलवे पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सुकुमार सरकार (53) के रूप में की गई है। वह बशीरहाट के मटिया थाना अंतर्गत नेहालपुर का निवासी था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में वह आप हसनाबाद लोकल में सवार हुए थे। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन चापा-पुकुर स्टेशन से उत्तर देवीपुर जा रही थी। बताया गया है कि रेलवे गेट संख्या 37 के पास बुजुर्ग व्यक्ति अचानक ट्रेन से गिर गया। खबर मिलते ही आरपीएफ ने उसे बचाया और अस्पताल ले गये वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से एक पहचान पत्र और मोबाइल फोन मिला है। उसकी जानकारी के आधार पर परिवार के सदस्यों से संपर्क किया गया। इस बीच, शव को पोस्टमार्टम के लिए बारासात मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। लेकिन सुकुमार ट्रेन से कैसे गिरा? भारी भीड़ के दबाव में? या किसी ने उसे धक्का दिया था? जांकर्ता कूदकर आत्महत्या की संभावना से भी इनकार नहीं कर पा रहे हैं। उसकी मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## मुर्शिदाबाद में आग में जलकर तीन नाबालिग भाई-बहनों की मौत

### घटना के समय घर पर सो रहे थे तीनों बच्चे

**मुर्शिदाबाद :** जिले में रानीतला थाना अंतर्गत आखेरीगंज पंचायत के जमालपाड़ा इलाके में आग में जलकर तीन बच्चों की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान आदिल, साहिल और उनकी बहन साजिदा के रूप में हुई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार की देर रात अचानक उनके घर में आग लग गई। उस समय तीनों बच्चे अपनी मां के साथ कमरे में सो रहे थे। आग इतनी तेज थी कि परिवार कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। मौके पर ही तीनों बच्चों की जलकर मौत हो गई। किसी तरह उनकी मां जान बचाने में सफल रहीं। आग में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग की लपटें देख तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की। सूचना पाकर भगवानगोला विधानसभा के विधायक रेयात हुसैन सरकार, आखेरिगंज पंचायत प्रमुख साहिन शेख और रानीतला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक पूरा घर जलकर खाक हो चुका था।

पुलिस ने तीनों बच्चों के जले हुए शव बरामद कर लिया। आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्राथमिक अनुमान है कि यह हादसा शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हो सकता है।

## भारत गौरव ट्रेन से करें चार ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन

**नई दिल्ली/कोलकाता, समाज्ञा :** चार पवित्र ज्योतिर्लिंगों और देश के गौरव 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का दर्शन अब एक ही यात्रा में संभव होगा। इसके लिए आईआर-सीटीसी ने विशेष भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। नौ दिवसीय पैकेज में उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, द्वारका के नागेश्वर तथा गिर-सोमनाथ के सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर और केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जाएगा। यह यात्रा 25 अक्तूबर से अमृतसर से शुरू होगी। यात्री जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी से भी ट्रेन में सवार हो सकेंगे। ट्रेन में कुल 762 यात्रियों के लिए सीटें होंगी, जिन्हें इकोनॉमी, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणियों में बाँटा जाएगा। किराया 19,555 रुपये से 39,410 रुपये प्रति यात्री होगा। पैकेज में शाकाहारी भोजन, आवास, ट्रांसफर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा,



बीमा और सुरक्षा की सुविधा दी जाएगी। हालांकि स्मारकों के प्रवेश शुल्क, व्यक्तिगत खर्च और टिप्स इसमें शामिल नहीं होंगे। आईआरसीटीसी ने इस यात्रा को 'वन-स्टॉप स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म पैकेज' के रूप में प्रचारित किया है। कंपनी ने यात्रियों को मान्य पहचान पत्र साथ लाने और यात्रा से पहले स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह दी है। संगठन का मानना है कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के श्रद्धालुओं में इस पैकेज की भारी मांग रहेगी। आरक्षण आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट और चंडीगढ़ व दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में कराया जा सकता है।

## तनिष्क ने पेश किया नया फेस्टिव कलेक्शन 'आबाहोन'




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने दुर्गा पूजा के अवसर पर नया फेस्टिव कलेक्शन 'आबाहोन' लॉन्च किया। यह कलेक्शन बंगाली महिलाओं और उनकी सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करता है। कलेक्शन में रानी हार, चोकर, झुमका, कानबाला और दुल्हन के आभूषण शामिल हैं, जिनमें पारंपरिक कलाओं जैसे शोला पीठ, डाकर शाज और तारकशी फिलिग्री का प्रभाव दिखता है। अनावरण प्रसिद्ध अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती और तनिष्क के वाइस प्रेसिडेंट अरुण नारायण, टाइटन कंपनी लिमिटेड तनिष्क के रीजनल बिज़नेस मैनेजर ईस्ट अलोक रंजन ने किया। पूजो सीजन के लिए विशेष ऑफर में सोने के आभूषणों पर प्रति ग्राम 450 रुपये तक की छूट और हीरे पर 20% तक की छूट दी जा रही है। यह कलेक्शन पश्चिम बंगाल के सभी तनिष्क स्टोर्स पर उपलब्ध है।

## एकबालपुर में शराब पीने का विरोध करने पर युवक की हत्या, परिवार से मिले मंत्री फिरहाद हाकिम

**कोलकाता :** कोलकाता के एकबालपुर इलाके में 9 सितंबर की रात एक दर्दनाक घटना घटी। इलाके में अमजद नाम का युवक और उसके चार साथी आधी रात के बाद एकबालपुर लेन में खुलेआम शराब पी रहे थे और अश्लील गालियाँ दे रहे थे। इसी बीच 37 वर्षीय धनराज प्रसाद, जो वहीं रहते थे, घर से बाहर निकलकर इस कृत्य का विरोध करने लगे। आरोप है कि अमजद ने चॉपर (तेज धारदार हथियार) से धनराज पर कई वार किए। गंभीर रूप से घायल धनराज को स्थानीय लोगों ने तुरंत एसएसकेएम अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती किया गया।



गुरुवार को धनराज को अस्पताल से छुट्टी मिली, लेकिन घर लौटने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिवारजन उन्हें प्रगति मैदान थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां शुक्रवार शाम लगभग साढ़े चार बजे धनराज की मौत हो गई।

इस घटना के बाद से आरोपी अमजद और उसके साथी फरार हैं। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में लंबे समय से रात को खुलेआम शराब पीने और हुड़दंग करने का माहौल रहता है। जो भी इसका विरोध करता है, उसे धमकियाँ दी जाती हैं और कभी-कभी उसके घर तक में घुस जाया जाता है।

रविवार को कोलकाता के मेयर और राज्य मंत्री फिरहाद हाकिम धनराज प्रसाद के घर पहुँचे। मंत्री को देखते ही मृतक के परिजन फूट-फूट कर रो पड़े। हाकिम ने परिवार के साथ समय बिताया और उन्हें सांत्वना दी। परिवार ने मंत्री के सामने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग रखी। इस बीच पुलिस ने धनराज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रविवार को शव को परिजनों को सौंपा गया।

## मोहम्मद शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी रणनीति बनाने और उम्मीदवारों के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। खबर है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां पर दांव लगा सकती है। बता दें कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के लिए एक के बाद एक कार्यक्रम शुरू किए हैं। अगले चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए जिलेवार बैठकें हो रही हैं। ऐसे ही माहौल में हसीन जहां शनिवार को कोलकाता स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय विधान भवन में नजर आईं। कांग्रेस के एक सूत्र का दावा है कि अगले विधानसभा चुनाव में हसीन जहां को बीरभूम जिले की किसी सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इस संबंध में उनकी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार से प्रारंभिक बातचीत भी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने का कोई आश्वासन नहीं दिया है।

दूसरी ओर, हसीन जहां ने खुद अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह उम्मीदवार बनेंगी या नहीं। लेकिन, वह पार्टी के चुनाव और अन्य प्रचार अभियानों में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब दिवंगत कांग्रेस नेता सोमेन मित्रा प्रदेश अध्यक्ष थे, तब भी हसीना जहां कार्यालय आई थीं। हसीन लंबे समय बाद फिर से विधान भवन में दिखाई दीं।

## युवा कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली




**कोलकाता :** प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व पार्षद संतोष पाठक के नेतृत्व और बड़ाबाजार जिला युवा कांग्रेस के युवा नेता रोहित पाठक द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ नारा बुलंद करते हुए बाइक रैली निकाली गयी। रैली वार्ड 45 से बड़ाबाजार के विभिन्न रास्तों से होते हुए निकाली गयी। इस दौरान संतोष पाठक ने कहा, हम सभी को मिलकर वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना है। देश के संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा का बीड़ा कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेरो ने उठाया है और हम सभी को उसे पूरा करना है। इस रैली मे भोला यादव, रबिंद्र तिवारी, कालीनाथ सिंह, नागेश सिंह, अफाक अहमद, उत्तम सोनकर, परवेज खान, सुभाष सिंह, ज्वालाप्रताप सिंह, अजमल खान, कासिफ रेजा, पंकज सोनकर, मो:सरफराज, अंजित सिंह, मो:हुसैन, सुनील चौबे, आकिब जहूर, दीपक सिंह, प्रकाश सोनकर, रघु ठाकुर, राकेश साव, अंजनी दुबे, सचिन सिंह, ददन सिंह, मो:शौकीन, खालिद रेजा व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## बासंती हाईवे के किनारे अज्ञात महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बासंती में रविवार को सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बासंती हाईवे दक्षिण 24 परगना के चौबागा इलाके से होकर गुजरता है। हाईवे के दोनों ओर घनी झाड़ियां हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा देखा गया। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जाकर शव बरामद किया। पता चला है कि महिला ने जो कपड़े पहने थे, वे ठीक नहीं थे। शरीर पर कई जगह फटने के निशान हैं। शुरुआत में, पता चला है कि महिला स्थानीय नहीं है। शव



झाड़ियों में कैसे पहुंचा? क्या उसे कहीं और मारकर वहां फेंका गया था? उसके कपड़े अस्त-व्यस्त अवस्था में मिले थे। तो क्या उसके साथ दुष्कर्म हुआ था? या हाईवे पर सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई? कई सवाल पहले ही उठ रहे हैं। पुलिस उन सवालों के जवाब तलाश रही है। जांचकर्ताओं ने महिला की पहचान का पता लगाने के लिए विभिन्न इलाकों में तलाशी शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## धूलागढ़ में केबल फैक्ट्री के ईंधन टैंकर में लगी आग, तीन इंजनों ने पाया आग में काबू

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के धूलागढ़ के जालान कॉम्प्लेक्स इलाके में रविवार को एक केबल बनाने वाली फैक्ट्री के ईंधन टैंकर में अचानक आग लग गई। पूरे इलाके में भारी धुआं और तनाव फैल गया। खबर मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। तीन इंजनों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, तड़के हावड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 116 से सटे धूलागढ़ के जालान कॉम्प्लेक्स इलाके में एक केबल फैक्ट्री में रखे तेल के टैंकर में आग लग गई। आग की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दमकल को सूचना दी



गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, फैक्ट्री का नाम केईसी है। अंदर बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखे होने के कारण आशंका थी कि आग सिर्फ टैंकर तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरी फैक्ट्री में फैल सकती है। दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग बुझाने की व्यवस्था थी या नहीं।

## मंदारमणि में देह व्यापार के कारोबार का भंडाफोड़, तीन महिला समेत 5 गिरफ्तार



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मंदारमणि में पुलिस ने फिर देह व्यापार के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से चाउल खोला इलाके सहित उत्तर शीतला गांव के कुछ घरों में देह व्यापार चलाने के आरोप लग रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर रामनगर थाना अंतर्गत चाउल खोला इलाके में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। इस अभियान में 22 महिलाओं को बरामद किया गया। साथ ही, देह व्यापार चलाने के आरोप में 3 महिलाओं और दो पुरुषों को भी गिरफ्तार किया गया। रविवार को स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें कांथी कोर्ट में पेश किया गया।

## जितिया व्रत कथा सुनने गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सुरक्षा व्यवस्था रही नदारद

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा, श्रीरामपुर, बांसबेड़िया, चांपदानी समेत हुगली के विभिन्न गंगा घाटों पर रविवार को जितिया व्रत के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्रती महिलाओं ने गंगा में पवित्र स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और अपने पुत्रों की दीर्घायु, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पूजा-अर्चना की। इसके बाद सामूहिक रूप से जितिया व्रत कथा का श्रवण किया गया।

पूरे घाटों पर धार्मिक वातावरण छाया रहा। महिलाएं समूह बनाकर कथा सुनने बैठीं और पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार उपवास का पालन करती रहीं। घाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि जगह-जगह जाम की स्थिति भी देखने को मिली।



आस्था के इस बड़े आयोजन पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का अभाव साफ दिखाई दिया।

सुरकी घाट बंद रहने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में जगन्नाथ घाट पहुंचे, जहां उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद न तो पुलिस की कोई तैनाती दिखी और न ही बैरिकेडिंग या सुरक्षा का घेरा नजर आया।

भीड़ प्रबंधन और आपात व्यवस्था की कोई तैयारी नहीं देखी गई, जिससे श्रद्धालुओं में असंतोष देखने को मिला।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जितिया जैसे बड़े पर्व पर जब हजारों महिलाएं एक साथ गंगा स्नान और कथा श्रवण के लिए आती हैं, तो प्रशासन को पहले से ही पर्याप्त सुरक्षा और प्रबंधन की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

## नलहाटी में पत्थर खदान में हादसे में 6 मजदूरों की मौत मामले में मालिक गिरफ्तार



**बीरभूम :** जिले के नलहाटी के बाहादुरपुर इलाके में अवैध पत्थर खदान में हुए भीषण हादसे में 6 मजदूरों की मौत के बाद पुलिस ने इस मामले में खदान मालिक संजीव घोष उर्फ भुलु को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उसे रामपुरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहती है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके साथ और कौन लोग इस अवैध काम में शामिल थे। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस इलाके में पहले कई अवैध पत्थर खदान बंद कराए गए थे, लेकिन यह खदान चोरी-छिपे चल रही थी। प्रशासन ने खदान को तुरंत बंद करने का आदेश दिया है और कहा है कि अगर कहीं और अवैध खदानें हैं तो उनके खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा।

### बैंक ऑफ इंडिया ने कैशइनवॉइस के साथ साझेदारी की

**कोलकाता :** पूरे भारत में कारोबारों के लिए वित्तीय अवसरों को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने एम/एस इंडइनवॉइस टेक सॉल्यूशंस प्रा. लि. (कैशइनवॉइस) के साथ अपनी सप्लाई चेन फाइनेंस सेवा के तहत रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य कॉरपोरेट, डीलर और सप्लायर को संरचित वित्तीय समाधान आसानी से उपलब्ध कराना है, जिससे सप्लाई चेन तंत्र में कार्यकुशलता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। बैंक ऑफ इंडिया की देशभर में 5300 से अधिक शाखाएँ कार्यरत हैं। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक - एमएसएमई, विनायक शुक्ला ने कहा: कैशइनवॉइस के साथ इस साझेदारी के जरिए हम उनकी डिजिटल विशेषज्ञता और बाजार की समझ का लाभ उठाकर कॉरपोरेट्स और उनके सप्लाई चेन भागीदारों को सहज वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना चाहते हैं।

# हिंदी विज्ञान, न्यायपालिका और पुलिस की भाषा होनी चाहिए: शाह

**गांधीनगर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई टकराव नहीं है और यह केवल बोल-चाल की भाषा न रहकर, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्यायपालिका और पुलिस की भाषा भी बननी चाहिए। पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीयों को अपनी भाषाओं को संरक्षित करना चाहिए और उन्हें अमर बनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई संघर्ष नहीं है। दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, केएम मुंशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे विद्वानों ने हिंदी को अपनाया और इसका प्रचार-प्रसार किया। गुजरात, जहां गुजराती और हिंदी सह-अस्तित्व में हैं, दोनों भाषाओं के विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हिंदी केवल एक बोली या प्रशासन की भाषा नहीं है। हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भी भाषा बनना चाहिए। जब ये सभी कार्य भारतीय भाषाओं में होंगे, तब जनता से जुड़ाव स्वतः ही स्थापित हो जाएगा। शाह ने कहा कि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी और हिंदी ने इस ज्ञान को हर घर तक पहुंचाया और यह ज्ञान स्थानीय भाषाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों से सदैव उनकी मातृभाषा में बात करनी चाहिए। शाह ने कहा, यह बच्चे के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि कई मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाशास्त्रियों ने यह माना है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में सोचता है। जैसे ही आप बच्चे पर कोई दूसरी भाषा थोपते हैं उसका 25 से 30 प्रतिशत मानसिक बल अनुवाद में खर्च हो जाता है।



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय भाषाओं को तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाने का काम किया है और गृह मंत्रालय ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की है, जो हिंदी और अन्य भाषाओं को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा, इसके लिए हम विज्ञान और तकनीक का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। शाह ने कहा कि गुजरात में शिक्षा में हिंदी को स्थान मिला है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि महात्मा गांधी, दयानंद सरस्वती जैसे नेताओं ने लोगों से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे से हिंदी में संवाद करें और सभी राज्यों में हिंदी को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप, गुजरात का कोई भी बच्चा देश में कहीं भी जाकर व्यापार कर सकता है और स्वीकार किया जाता है। गृह मंत्री ने बताया कि बहुभाषीय अनुवाद सारथी नामक 'सॉफ्टवेयर' का उपयोग किया जा रहा है, जो उन्नत तकनीक पर आधारित अनुवाद प्रणाली है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हिंदी देश को एकजुट कर रही, वैश्विक प्रसिद्धि हासिल कर रही: हिमंत

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को लोगों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस भाषा ने देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त कर रही है, जो देश की ताकत का प्रमाण है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,'हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सरलता, सहजता और शालीनता से परिपूर्ण हिंदी भाषा ने देश को एक सूत्र में पिरोया है।' उन्होंने कहा,' मोदी जी के नेतृत्व में हिंदी का वैश्विक महत्व बढ़ रहा है, जो देश की एकता की मज़बूती का प्रमाण है।' हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को हिंदी को आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### मिजोरम में म्यांमा सीमा के पास 7.11 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त

**आइजोल:** मिजोरम के चम्फाई जिले में म्यांमा सीमा के पास 7.11 करोड़ रुपये मूल्य की मेथामफेटामाइन गोलियां जब्त की गईं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम राइफल्स के जवानों ने शुक्रवार को जोखावथार में एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों को देखते ही उसने अपना थैला वहीं छोड़ दिया और भाग गया। उन्होंने कहा कि बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 2.37 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स द्वारा चलाए गए एक अन्य अभियान में शनिवार को सैतुअल में एक वाहन को रोका गया और उसमें से 8,160 किलोग्राम तस्करी की गई बर्मी सुपारी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जब्त सुपारी की कीमत 52.17 लाख रुपये है।

### नक्सल प्रभावित बीजापुर के दूरदराज इलाकों में दो नये सुरक्षा शिविर स्थापित

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा की कमी को दूर करने और विकास कार्यों को सुगम बनाने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो नये शिविर स्थापित किए गए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इसके साथ ही जनवरी 2024 से अब तक जिले में 36 सुरक्षा शिविर स्थापित किए जा चुके हैं। इस अवधि के दौरान 193 माओवादियों को मार गिराया गया, 496 ने आत्मसमर्पण किया और 900 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की 'नियाद नेला नार' योजना के तहत ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करके के उद्देश्य से इन शिविरों की स्थापना की जा रही है।

### वैष्णो देवी यात्रा स्थगित होने के बीच तीर्थयात्रियों का प्रदर्शन, मंदिर की ओर बढ़ने प्रयास किया

**कटरा/जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पर्वत पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा खराब मौसम के चलते 20वें दिन भी स्थगित रहने के बीच तीर्थयात्रियों ने रविवार को कटरा आधार शिविर में प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने सुरक्षा घेरा तोड़ने और तीर्थस्थल बोर्ड के निर्देशों का उल्लंघन कर यात्रा पर जाने के उनके प्रयास को विफल कर दिया। तीर्थस्थल तक जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन की घटना के बाद यात्रा 26 अगस्त को स्थगित कर दी गई थी। इस हादसे में 34 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। मंदिर बोर्ड ने 14 सितंबर से यात्रा फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन शुक्रवार से पूरे मार्ग और गर्भगृह क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण निर्णय बदलना पड़ा।

### मणिपुर: मूसलाधार बारिश के बाद कुछ हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन

**इंफाल:** मणिपुर में बीते 24 घंटे के दौरान हुई मूसलाधार बारिश के बाद राज्य में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पूर्व में यैंगांगपोक्पी, संतीखोंगबल और सबुंगखोक खुनोउ तथा इंफाल पश्चिम में काकवा और सागोलबंद के कई इलाके भारी बारिश के कारण जलमग्न हो गए हैं। इन क्षेत्रों में कुछ मकान और आवासीय परिसर भी जलमग्न हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि नोनी जिले के अवांगखुल तथा पर्वतीय जिलों सेसेनापति और कामजोंग में भूस्खलन की सूचना मिली है।

## चौदह करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : नड्डा




**विशाखापत्तनम:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा में दो करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। नड्डा ने बताया कि पार्टी के देश भर में 240 लोकसभा सदस्य, लगभग 1,500 विधायक और विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं। केंद्रीय मंत्री ने यहां पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, हम (भाजपा) 14 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। भारत के 20 राज्यों में राजग और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हम देश की सबसे बड़ी प्रतिनिधि पार्टी हैं। हमारे 240 सांसद (लोकसभा) हैं। हमारे लगभग 1,500 विधायक हैं। हमारे विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल में काम करने और जवाबदेह सरकार की राजनीति हुई है, जबकि पिछली सरकारों में नाकामी की राजनीति थी और उन्होंने विकास कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें घोषणापत्रों में किए गए वादों को भी भूल गई थीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पहले परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम एक ऐसी पार्टी से आते हैं, जिसका एक वैचारिक आधार है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के वादे के अनुसार अनुच्छेद 370 को हटाया गया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ, संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) व वक्फ अधिनियम में संशोधन किए गए और तीन तलाक को समाप्त किया गया। उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है।

## कैंसर के नये टीके बीमारी को दोबारा होने से रोकने के लिए है: विशेषज्ञ




**कोच्चि:** कैंसर के नये टीकों का उद्देश्य स्वस्थ व्यक्तियों में कैंसर की शुरुआत को रोकना नहीं है बल्कि यह पहले से इस बीमारी का इलाज करा चुके लोगों में इसको (कैंसर) दोबारा होने से रोकने के लिए हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ ने यह जानकारी दी। केरल स्थित 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) के अनुसंधान प्रकोष्ठ के संयोजक एवं कोच्चि स्थित आईएमए के वैज्ञानिक समिति के चैयरमेन डॉ. राजीव जयदेवन ने कहा, 'ये चिकित्सीय कैंसर टीके हैं जो पहले से कैंसर से पीड़ित लोगों में रोग को दोबारा होने से रोकने के लिए बनाए गए हैं न कि स्वस्थ लोगों में इसकी शुरुआत को रोकने के लिए।' उन्होंने कोच्चि में आयोजित 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ऑन्कोलॉजी सोसायटी' (जीआईओएस) के दूसरे वार्षिक सम्मेलन की शुरूआत के मौके पर यह बात कही। जयदेवन ने एक बयान में कैंसर के टीकों के निर्माण सहित इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया, 'यह एक प्रकार की 'इम्यूनोथेरेपी' है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को इस तरह प्रशिक्षित करती है कि वह कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उन्हें नष्ट कर सके।' आयोजकों ने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन कोलोरेक्टल कैंसर (सीआरसी) पर केंद्रित है, जो एक ऐसी बीमारी है जिसके मामले वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे हैं। कोलोरेक्टल कैंसर बड़ी आंत (कोलन) या मलाशय में शुरू होता है।


## सुरक्षित ठिकानों से भूमिगत शरणस्थलों तक आतंकी संगठनों ने बदली रणनीति

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों ने अपनी रणनीति बदलते हुए अब स्थानीय घरों में पनाह लेने की बजाय घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भूमिगत बंकर बनाने शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समर्थन में कमी के कारण आतंकवादी संगठनों की रणनीति में यह बदलाव सेना और अन्य सुरक्षा बलों के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करता है। पिछले सप्ताह कुलगाम जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के दौरान इसका पता चला, जहां दो आतंकवादी मारे गए थे। जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ा, सुरक्षा बलों को एक गुप्त सुरंग मिली, जिसमें राशन, छोटे गैस स्टोव, प्रेशर कुकर, साथ ही हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि यह प्रवृत्ति कुलगाम और शोपियां जिलों के साथ-साथ जम्मू क्षेत्र में पीर पंजाल के दक्षिण में व्यापक हो गई है, जहां घने जंगल आतंकवादियों के लिए आदर्श छिपने की जगह उपलब्ध कराते हैं।



भले ही सुरक्षा कर्मियों ने इनमें से कुछ नए ठिकानों का पता लगाने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन अधिकारियों की चिंता बढ़ती जा रही है, विशेषकर खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि आतंकवादियों को ऊंची और मध्य पहाड़ियों में रहने तथा सीमा पार से निर्देश मिलने पर हमले करने के लिए कहा गया है। एक अधिकारी ने कहा, यह मारे गए आतंकियों की संख्या का सवाल नहीं है। चिंता की बात यह है कि अब आतंकवादी इन भूमिगत बंकरों के भीतर अच्छी तरह से जमे हुए दिख रहे हैं। सेना की उत्तरी कमान के पूर्व प्रमुख और 2016 की सफल सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व कर चुके सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डी एस हुड्डा ने कहा कि ऊंचाई वाले इन खाइयों और बंकरों की रणनीति 1990 और शुरुआती 2000 के दशक में अपनाई गई आतंकवादी रणनीति की याद दिलाती है। लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने यह भी कहा कि मानव स्रोतों से मिलने वाली खुफिया सूचनाओं (ह्यूमन इंटेलिजेंस) का अभाव वर्तमान में एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है, जबकि पहले यह आतंकवाद विरोधी अभियानों में एक अहम साधन था। फिर भी, उनका मानना है कि सेना इस नई चुनौती से निपटने के लिए अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन अवश्य करेगी।

## महाराष्ट्र: न्हावा-शेवा बंदरगाह पर 12 करोड़ रुपये मूल्य के पाकिस्तानी सौंदर्य प्रसाधन, छुहारे जब्त




**मुंबई:** भारत सरकार के राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने नवी मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य के पाकिस्तानी सौंदर्य प्रसाधन और छुहारे ले जा रहे 28 कंटेनर जब्त करके दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि तीन भारतीय आयातकों ने यह खेप खरीदी थी, जो पाकिस्तानी मूल के सामानों के आयात पर सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों का खुला उल्लंघन है। दुबई में रहने वाले एक भारतीय नागरिक ने 'कमीशन' के आधार पर जाली बिल जारी करके पाकिस्तान से छुहारों की ढुलाई में मदद की। अधिकारियों ने बताया कि कंटेनरों को संयुक्त अरब अमीराती (यूएई) मूल का बताकर उसे दुबई के जबल अली बंदरगाह के रास्ते भारत भेजा। एक अधिकारी ने बताया कि भारत की शीर्ष तस्करी रोधी इकाई डीआरआई ने 'ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट' के तहत पाकिस्तानी मूल के सौंदर्य प्रसाधन और छुहारे से भरे 28 कंटेनर जब्त किए, जिनका वजन 800 टन था। इन वस्तुओं को पाकिस्तानी, भारतीय और संयुक्त अरब अमीरात के नागरिकों के साथ लेन-देन के एक नेटवर्क माध्यम से भेजा गया था ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके।

## भारत के विकास का अगला अध्याय सशक्त महिलाओं द्वारा लिखा जाएगा : लोकसभा अध्यक्ष



**तिरुपति:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि महिला आरक्षण कानून नेताओं की एक नयी पीढ़ी तैयार करेगा, जो नीतियों को आकार देंगी, प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगी और भारत का भविष्य तय करेंगी। बिरला ने यहां 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ द कमेटी ऑन वूमेन पार्लियामेंट एंड स्टेट एंड यूनियन टेरीटरी लेजिस्लेचर्स' के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने छात्राओं में 100 प्रतिशत साक्षरता हासिल करने की भी जोरदार वकालत की और कहा कि भारत तभी विकसित राष्ट्र के रूप में उभर सकता है, जब उसकी बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी। बिरला ने कहा, 'भारत की कहानी का अगला अध्याय, निस्संदेह, इसकी सशक्त महिलाओं द्वारा लिखा जाएगा।'' आंध्र प्रदेश विधानसभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में 20 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, आंध्र प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सी अय्यन्नापत्रुडु, भाजपा नेता और महिला सशक्तीकरण संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मेघालय में भारत, थाईलैंड के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' का समापन

**उमरोइ:** भारत और थाईलैंड के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मैत्री' का 14वां संस्करण रविवार को मेघालय के री-भोई जिले में संपन्न हुआ। इसमें दोनों देश की सेनाओं ने अंतर-संचालन क्षमता में बढ़ोतरी की और एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रियाओं और युद्ध अभ्यासों से खुद को परिचित कराया। संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के तहत आयोजित दो सप्ताह के इस अभ्यास का समापन 48 घंटे के सत्यापन चरण के साथ हुआ। इस चरण में दोनों टुकड़ियों ने जटिल कार्य किए, जैसे- एक अस्थायी संचालन बेस स्थापित करना, एक खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) ग्रिड की स्थापना करना, एक गांव को अलग करना, हेलीबोर्न ऑपरेशन, छापेमारी और बंधकों को छुड़ाना। इस अभ्यास में दोनों पक्षों द्वारा नयी पीढ़ी के उपकरणों का प्रदर्शन और उपयोग भी किया गया। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि संयुक्त प्रशिक्षण से भारतीय सेना और रॉयल थाई सेना के सैनिकों को आतंकवाद-रोधी अभियानों, शांति स्थापना अभ्यासों, खुफिया जानकारी साझा करने और युद्धक्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग के बारे में बहुमूल्य सबक सीखने में मदद मिली। समापन समारोह में उत्कृष्ट सैनिकों को सम्मानित किया गया और दोनों देशों की समृद्ध सैन्य और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल, बास्केटबॉल मैच और रस्साकशी स्पर्धा ने टुकड़ियों के बीच संबंधों को और मजबूत किया।




## नेपाल की जेल से फरार चार कैदी पिथौरागढ़ जिले में भारत-नेपाल सीमा से पकड़े गए



**पिथौरागढ़:** नेपाल में हाल में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की विभिन्न जिलों से भागे चार कैदियों को भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने पकड़ा है। एसएसबी की 55वीं बटालियन द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नेपाल के इन चार कैदियों को झूलाघाट के निकट देवताल पुलिस चौकी क्षेत्र से उस समय पकड़ा गया जब वे टायर ट्यूब की मदद से अवैध रूप से काली नदी पार करने की कोशिश कर रहे थे। विज्ञप्ति के अनुसार, भारत और नेपाल की सीमा रेखा मानी जाने वाली काली नदी के किनारे गश्त के दौरान एसएसबी ने धमेंद्र चंद (25), तर्कराम लुहार (22), सूरज सउद (24) और आसिफ पहाड़ी (31) को पकड़ा।

## अमेरिका में भारतीयों की हत्या के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन




**नयी दिल्ली:** यूनाइटेड हिंदू फ्रंट (यूएचएफ) ने अमेरिका में भारतीयों की 'क्रूर और बार-बार हो रही हत्याओं' के खिलाफ रविवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। यूएचएफ के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने आरोप लगाया कि अमेरिका भारत की आर्थिक ताकत को कमजोर करने के लिए टैरिफ लगाता है, साथ ही वह भारतीयों के खिलाफ 'घृणा और हिंसा का माहौल' भी पैदा कर रहा है। उन्होंने हाल ही में कर्नाटक निवासी चंद्र मौली नाग मल्लैया की हत्या और हरियाणा के जींद के कपिल की गोली मारकर हत्या की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि भारतीयों को 'नस्ली घृणा की आड़ में चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।' गोयल ने कहा कि भारतीय मूल के कई लोग अमेरिकी राजनीति और उद्योग में अग्रणी पदों पर हैं, जिनमें पूर्व उपराष्ट्रपति कमला देवी हैरिस, कांग्रेस सदस्य सुहास सुब्रमण्यम और रो खन्ना, जबकि उद्योग जगत के सीईओ सत्य नडेला, सुंदर पिचाई, अरविंद कृष्णा, शांतनु नारायण और निकेश अरोड़ा शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया, 'प्रवासी भारतीयों के महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, अमेरिका में भारतीय भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं। वही अमेरिका जो दुनिया को मानवाधिकारों पर उपदेश देता है, खुद भारतीयों की सुरक्षा करने में विफल हो रहा है।'

## ऑपरेशन सिंदूर: जांबाज सैनिकों का जीवन आसान बना रहा पुणे का कृत्रिम अंग केंद्र

**पुणे:** भारतीय वायुसेना के पैरामेडिक कॉरपोरल वरुण कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उधमपुर एयरबेस के अग्रिम मोर्चे पर दुश्मन की मिसाइल गिरने पर अपना दाहिना हाथ गंवा दिया था। हालांकि कुछ ही सप्ताह में उन्होंने कृत्रिम अंग की मदद से अपनी दैनिक गतिविधियां शुरू कर दीं। उनके जीवन को अब आसान बनाने में पुणे स्थित कृत्रिम अंग केंद्र (एएलसी) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कुमार के अलावा सशस्त्र बलों के दो और बहादुर जवान, भारतीय सेना के एक सूबेदार और वायुसेना के एक सार्जेंट, जो ऑपरेशन सिंदूर में संचालन तैयारियों के दौरान घायल हो गए थे, का भी एएलसी में उपचार किया गया। सूबेदार ने अपने दोनों हाथ गंवा दिए, जबकि सार्जेंट ने एक पैर खो दिया था। वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह ने पिछले महीने एएलसी का दौरा किया और कुमार से मुलाकात की, जिन्हें पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर भारत के हवाई हमलों में उनकी भूमिका के लिए वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया था। वायुसेना प्रमुख ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के संस्थान, एएलसी में कुमार और अन्य सशस्त्र बल कर्मियों से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य में सुधार के बारे में जानकारी ली। एएलसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर सीएन सतीश ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुमार को एक कृत्रिम हाथ लगाया गया है तथा उन्हें दैनिक गतिविधियों जैसे लिखने, खाने और कपड़े पहनने के लिए अपने बाएं हाथ का उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। अपने हाथ गंवा चुके सूबेदार के बारे में ब्रिगेडियर सतीश ने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए दस्ताने की मदद से, वह चम्मच, टूथब्रश, चाकू या कंघी जैसी चीजों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''समय आने पर, उन्हें बायोनिक हाथ भी दिए जाएंगे और उनके इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपयुक्त फिटिंग और कार में कुछ बदलावों के साथ, एक दिव्यांग व्यक्ति गाड़ी चलाना भी सीख सकता है।' मिसाइल विस्फोट में अपना पैर गंवाने वाले सार्जेंट को कृत्रिम अंग लगाया गया है। एएलसी के कर्नल जी पी रेड्डी ने कहा, 'आम तौर पर, अंग गंवाने वाले लोगों को सदमा लग जाता है। मरीज पर नकारात्मक भावना हावी होने से बचाने के लिए, हम सुनिश्चित करते हैं कि वे जल्द से जल्द कृत्रिम अंगों की मदद से चलना या रोजमर्रा के काम करना शुरू कर दें।'

